
वर्ष : 27 अंक : 38 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 28 जनवरी, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




# मौनी अमावस्या का स्नान कल, टूटेगा रिकॉर्ड

**महाकुंभनगर ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ जारी है। आस्था की डुबकी लगाने वालों की भीड़ लगातार उमड़ रही है। 17 दिनों से संगम में लोगों का तांता लगा हुआ है। अब तक एक दिन में सबसे ज्यादा स्नान मकर संक्रांति के दिन हुआ था। महाकुंभ 2025 में अब तक 15 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। लेकिन भीड़ का ये आंकड़ा कल (मौनी अमावस्या) पर टूटने की संभावना है। मौनी अमावस्या (29 जनवरी) पर 10 करोड़ से ज्यादा लोग आ सकते हैं।

### अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़

मौनी अमावस्या पर अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंच गई है। लाखों श्रद्धालु राम मंदिर परिसर के आसपास जमा हो रहे हैं। बढ़ती हुई भीड़ को देखते हुए अयोध्या में कार और बाइक के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।



### मौनी अमावस्या पर स्नान का शेड्यूल

- सुबह 5 बजे से स्नान का ब्रह्म मुहूर्त शुरू होगा।
- पहले महानिर्वाणी अखाड़े के नागा संन्यासी स्नान करेंगे।
- साथ में श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा स्नान करेगा।
- सुबह 5:50 बजे निरंजनी अखाड़ा, आनंद अखाड़ा स्नान करेगा।
- सुबह 6:45 बजे जूना अखाड़े का स्नान समय निर्धारित।
- आवाहन अखाड़ा, पंच अग्नि अखाड़ा साथ में स्नान करेगा।
- सुबह 9:25 बजे बैरागी अखाड़े के संत स्नान करेंगे।
- 10:05 बजे दिगंबर अनी अखाड़े के साधु-संत स्नान करेंगे।
- 11:05 बजे निर्मोही अखाड़े के साधु-संत स्नान करेंगे।
- आखिरी में उदासीन परंपरा के तीनों अखाड़े स्नान करेंगे।
- 12 बजे पंचायती अखाड़े के साधु-संत अमृत स्नान करेंगे।
- 1:05 बजे पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन का समय तय।
- पंचायती निर्मल अखाड़ा दोपहर 2:25 बजे स्नान करेगा।
- महाकुंभ के दूसरे अमृत स्नान (मौनी अमावस्या) को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है। प्रयागराज जाने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। आरपीएफ, जीआरपी के साथ रेलवे की अन्य सुरक्षा एजेंसियों और रेल अधिकारियों ने मोर्चा संभाल लिया है।

बागपत में जैन निर्वाण महोत्सव में भयंकर हादसा

# मंच टूटा, 7 श्रद्धालुओं की मौत

## हादसे में 75 घायल, मुख्यमंत्री ने दिए सहायता करने के निर्देश



**बागपत ( एजेंसी )।** बड़ौत में आज सुबह भयंकर हादसा हुआ है। यहां भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू पर्व के मौके पर श्री दिगंबर जैन डिग्री कालेज के मैदान में 65 फीट ऊंचा मंच टूटने से सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई और करीब 75 लोग घायल हो गए।

सुबह करीब आठ बजे श्री 1008 आदिनाथ भक्तांबर प्रचार के तत्वावधान में मोक्ष कल्याणक निर्वाण महोत्सव के तहत भगवान आदिनाथ के अभिषेक के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी थी। मान स्तंभ परिसर में बनाए गए अस्थायी मंच की लकड़ी की सीढ़ियां टूटने से मंच गिर गया और करीब 80 श्रद्धालु घायल हो गए।

एडीएम पंकज वर्मा ने अब तक सात लोगों की मौत की पुष्टि की है। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। एसडीम मनीष कुमार का कहना है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और घायलों को हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है।

### सीएम ने दिए समुचित उपचार के निर्देश



“मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

बागपत के बड़ौत में आयोजित भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू पर्व पर श्री दिगंबर जैन डिग्री कॉलेज के मैदान पर बनाए गए मान स्तंभ का मंच टूट गया था। जिससे मौके पर भगदड़ मच गई। सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 75 से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों को अलग-अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

सूत्रों के मुताबिक घटनास्थल श्री दिगंबर जैन डिग्री कॉलेज के ग्राउंड का हाल ही में भराव हुआ था। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# एमएमजी अस्पताल में डाक्टरों की हड़ताल



**गाजियाबाद ( ब्यूरो )।** गाजियाबाद जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमएमजी अस्पताल के डॉक्टरों ने हड़ताल शुरू कर दी है। डॉक्टर इमरजेंसी सेवाओं के बाहर बैठकर हड़ताल कर रहे हैं, जिसके कारण अस्पताल की इमरजेंसी सेवाएं ठप हो गई हैं। एमएमजी अस्पताल के डॉक्टरों ने नगर कोतवाली के पुलिसकर्मियों पर अभद्रता (शेष पृष्ठ-4 पर)

# जनपद में 22 उपनिरीक्षक इधर से उधर



**नोएडा ( चेतना मंच )।** पुलिस कमिश्नरेट ने 22 उपनिरीक्षकों को इधर से उधर किया है। इसी कड़ी में कई चौकी प्रभारियों के भी तबादले किए गए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। नए फेरबदल के तहत उपनिरीक्षक अरविंद कुमार को फेस-3 थाने से सूरजपुर थाने के जुनपथ चौकी का प्रभारी, मुकुल यादव को सूरजपुर औद्योगिक क्षेत्र प्रभारी से एवीजे हाईटस का चौकी प्रभारी, रूचि सैनी को सेक्टर-142 थाने से बिसरख थाने के निराला स्टेट का चौकी प्रभारी, प्रताप चौधरी को बिसरख थाने से औद्योगिक क्षेत्र सूरजपुर का चौकी प्रभारी,सतेन्द्र सिंह को थाना सेक्टर-63 के वरिष्ठ उपनिरीक्षक पद से राईटस सिटी का चौकी प्रभारी, पंकज कुमार को थाना फेस-3 से सूरजपुर में देवला चौकी का प्रभारी, पूनम बघेल को थाना ईकोटेक-3 से उद्योग विहार का चौकी प्रभारी, ब्रहमप्रकाश शर्मा को ईकोटेक-3 के औद्योगिक क्षेत्र के चौकी प्रभारी से हटाकर जलपुरा चौकी का प्रभारी, दिनेश कुमार सोलंकी को थाना बादलपुर से ईकोटेक-3 थाने के (शेष पृष्ठ-4 पर)

# अब उद्यान विभाग नहीं, एक कंपनी करेगी एक्सप्रेसवे का सौंदर्यीकरण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा/ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे का सौंदर्यीकरण अब नोएडा प्राधिकरण के उद्यान विभाग से वापस लेकर एक नई कंपनी को दिया जाएगा। शीघ्र ही नई कंपनी का चयन किया जाएगा। यह जानकारी नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीईओ डा. लोकेश एम ने दी।

उन्होंने बताया कि नई कंपनी को 23.5 किमी लंबे इस एक्सप्रेस वे दोनों तरफ होर्टिकल्चर यानी उद्यान से संबंधित सौंदर्यीकरण करना होगा। कंपनी को ये कार्य एक साल के लिए अवार्ड किया जाएगा। बेहतर प्रदर्शन करने पर इसे रिन्यू किया जाएगा। अन्यथा दोबारा से आरएफपी जारी की जाएगी। कंपनी एक्सप्रेस वे के दोनों ओर ग्रीन बेल्ट, फसाड लाइट, फाउंटेन, एक्सप्रेस के किनारों पर लैंड स्केपिंग, म्यूरलस आदि से इसे सजा सकता है।

प्राधिकरण सीईओ ने बताया कि सेक्टर-125 के आगे एक्सप्रेस वे के दोनों ओर सौंदर्यीकरण काफी कम है। ये एक्सप्रेस वे यूपी के महत्वूपर्ण लिंक है। जिससे गुरजरे वाले डेलीगेट को लगना चाहिए कि वे ऐसे राज्य में प्रवेश कर रहे है जो स्वच्छता, निवेश और सामरिक क्षमता से भरा हुआ है। ये तभी संभव है जब एक्सप्रेस वे दोनों और आकर्षण को बढ़ाया जाए। इसके लिए कंपनी का चयन किया जाएगा। वो अपनी प्लानिंग तैयार करेगी। प्रस्तुत करेगी और उसे इंप्लीमेंट करेगी। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# मुठभेड़ में शातिर बदमाश दबोचा

### नकदी व लाखों के जेवरात बरामद, कई मामलों में था वांछित



**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-24 पुलिस द्वारा 56 टी पॉइंट के पास चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिये जिन्हें पुलिस बल द्वारा रूकने का ईशारा किया गया तो वह नहीं रूके बल्कि भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस बल द्वारा संदिंध होने पर उनका पीछा किया गया जिसमें मोटर साइकिल सवारों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस बल द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में एक अभियुक्त पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# 200 करोड़ की लागत से बनेगा सेक्टर-123 में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-123 में अब 200 करोड़ रूपये की लागत से स्पोर्टस कांप्लेक्स का निर्माण किया जाएगा। यह प्रोजेक्ट पब्लिक, प्राइवेट पार्टनरशिप यानी पीपीपी मॉडल पर आधारित होगा।

प्राधिकरण ने इसके डिजाइन को अनुमोदित कर दिया है। आईआईटी दिल्ली से अप्रूव होने के बाद आरएफपी जारी की जाएगी। ये स्पोर्टस कांप्लेक्स PPP (पब्लिक प्राइवेट पार्टनेशिप) मॉडल पर तैयार किया जाएगा। इसमें प्राधिकरण कंपनी को सिर्फ जमीन देगी। डिजाइन पहले से बनाया जा चुका है। कंपनी को निर्माण करना होगा और संचालन करना होगा।



कंपनी को विज्ञापन और ब्रांडिंग का राइटस दिया जा सकता है। जिससे वो लागत निकाल सके। कंपनी प्राधिकरण को कितना शेयरिंग फंड देगी। इसको लेकर चयनित होने वाली कंपनी के साथ एमआयू साइन किए जाएंगे। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बताया कि आईआईटी दिल्ली से संशोधित बजट की फाइल आने के बाद आरएफपी जारी की जाएगी। जिसमें बेतरह कंपनी को चुना जाएगा। कंपनी का क्राइटेरिया क्या होगा आरएफपी में मेंशन किया जाएगा।

ये प्रोजेक्ट दो फेज में बनाया जाएगा। दोनों फेज के लिए करीब 200 करोड़ खर्च होंगे। लेकिन अभी पहले फेज का काम होगा। पहले फेज में 70 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यहा स्पोर्टस कांप्लेक्स 26.47 एकड़ में बनाया जाएगा। पहला फेज 14.92 एकड़ का और दूसरा फेज 11.73 एकड़ का होगा।

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस



## भविष्य की कलम

मुख्यमंत्री के शीतकालीन प्रवास की गर्माहट में कांगड़ा सुखविंदर सिंह सुक्खू को करीब देख रहा है, तो पर्यटन राजधानी के सफर की मंजिलें भी नजर आने लगी हैं। युग बदल रहा गगल एयरपोर्ट का विस्तार अब रेखांकित होने लगा है, तो एशियन विकास बैंक के वित्तीय सहयोग से धर्मशाला, नगरोटा, पालमपुर व पौंग बांध तक आशाएं तैरती हुई मिल जाएंगी। बहरहाल अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर की रूपरेखा में मुख्यमंत्री ने अपनी प्राथमिकता जाहिर की है। करीब डेढ़ सौ करोड़ की लागत से बनने वाला यह सेंटर हिमाचल को गोवा व कश्मीर के पर्यटन के नजदीक खड़ा कर देगा। हालांकि कागजों में झूलती इस परियोजना ने पहले भी कई नक्शे खींचे, लेकिन अब हकीकत के द्वार पर मुख्यमंत्री ने स्पष्टता से इसकी 'नेमप्लेट' लगा दी। कुछ ऐसे ही यथार्थ की जमीन पर ढगवार दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र का नींव पत्थर भी भविष्य की कलम से ग्रामीण आर्थिकी लिख रहा है। डेढ़ से तीन लाख लीटर प्रतिदिन की क्षमता में दुग्ध उत्पादक की गारंटी दे रहा। पांच जिलों के दायरे में 35 हजार किसानों की किस्मत के पैमाने अगर यह मिल्क प्लांट भर पाता है, तो यह श्वेत क्रांति का ऐतिहासिक दस्तावेज सिद्ध होगा। अंततः शीतकालीन प्रवास की वकालत में प्रदेश की योजनाओं का ढर्रा बदलने की कोशिश ही तो रही है। इसी परिप्रेक्ष्य से कांग्रेस सरकार की पेशकश में कांगड़ा में उतर रहीं परियोजनाएं अपना कद और पदक लेकर हाजिर हैं। यह दीगर है कि बीच में राजनीतिक नोकझोंक से कुछ विरोध केंद्रीय विश्वविद्यालय के जदरांगल परिसर को लेकर शुरू है, लेकिन अगर इस विषय पर भाजपा गंभीर है तो इस परियोजना की फंडिंग में कुछ तो उदारता केंद्र से ले आती। केंद्र सरकार पर्यावरण संरक्षण के नाम पर मांग रही 30 करोड़ की राशि को निरस्त भी तो कर सकती है। वैसे 70 प्रतिशत अपनी जमीन जंगल के नाम पर कर देने वाले हिमाचल पर ऐसे फौलादी कानूनों का अत्याचार शीघ्रता से दूर होना चाहिए, वरना अमल में आने से पहले कई प्रस्तावित परियोजनाएं दम तोड़ती रहेंगी। दूसरी ओर सरकार को भी जदरांगल परिसर की परीक्षा में तो सफल होना ही पड़ेगा। इस परिसर का अध्याय कितना भी नजरअंदाज हो, इसे बंद करना किसी भी सरकार के लिए नामुमकिन होगा। इस संदर्भ में भाजपा ने अपना विरोध जताया है, लेकिन पिछली सरकार के समय भी यह मुद्दा यूं ही भटकता रहा है। दूसरी ओर यूनिटी माल के निर्माण में हो रही देरी ने आशंकाएं बढ़ा दी हैं। यूनिटी माल की जगह पर बजट की पहली किस्त आने के बावजूद अगर निर्माण की शिथिलता है, तो इसको लेकर विपक्ष की आशंका का क्या जवाब है। कहीं यह परियोजना भी केंद्रीय विश्वविद्यालय जैसे दलदल में खड़ी होने तो नहीं जा रही। बहरहाल कांगड़ा पर्यटन की राजधानी में बनखंडी का चिड़ियाघर अब एक बड़ी परियोजना को साकार करने के लिए आगे बढ़ रहा है। अभी कई योजनाएं विवादों में हैं। मसलन पालमपुर का पर्यटन विलेज अदालती फैसले के कारण कृषि विश्वविद्यालय से जमीन नहीं ले सका, तो नरघोटा में हिमुडा से पर्यटन के नाम हुई भूमि पर टूरिस्ट विलेज की परिकल्पना को क्यों ग्रहण लगा है। यह दीगर है कि नगरोटा बगवां में म्यूजिकल फाऊंटेन की ऊंचाई तय है या पौंग पर शिकारे अपने मार्ग बना रहे हैं। शीतकालीन प्रवास पर निकले मुख्यमंत्री ने धर्मशाला में अपने व्यक्तित्व का एहसास कराया है। जब वह कोतवाली बाजार में गेयटी थियेटर जैसे सभागार के निर्माण की संभावना देखते हैं या कचहरी अड्डा के समन्वित विकास में भविष्य के माल रोड की परिकल्पना करते हैं, तो सरकार का जज्बा सामने आ जाता है। इस गहमागहमी के बीच कहीं चिल्ड्रन ऑफ दि स्टेट के बैनर तले बिलासपुर के अनाथालय के 17 बच्चे, जब वाघा बार्डर भ्रमण से मुखातिब होते हैं, तो धर्मशाला सचिवालय से सरकार की संवेदना दर्ज होती है। कहना न होगा कि शीतकालीन प्रवास का महत्त्व और संवेदना कहीं बहुत गंभीरता से कांगड़ा के पक्ष में अपना नजरिया खोल रही है। इसके कई आयाम व पड़ाव हो सकते हैं, लेकिन गगल एयरपोर्ट विस्तार ने आर्थिकी की आंखें खोल दी हैं। देखते हैं शीतकालीन राजधानी से लौटकर हिमाचल की राजधानी कितना अमल कर पाती है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि यद्यपि स्त्री होने के कारण मैं उसे सुनने की अधिकारिणी नहीं हूँ, तथापि मैं मन, वचन और कर्म से आपकी दासी हूँ। संत लोग जहाँ आर्त अधिकारी पाते हैं, वहाँ गूढ़ तत्त्व भी उससे नहीं छिपाते॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**अति आरति पूछउँ सुरराया। रघुपति कथा कहहु करि दाया॥**
**प्रथम सो कारन कहहु बिचारी। निर्गुन ब्रह्म सगुन बपु धारी॥**

हे देवताओं के स्वामी! मैं बहुत ही आर्तभाव (दीनता) से पूछती हूँ, आप मुझ पर दया करके श्री रघुनाथजी की कथा कहिए। पहले तो वह कारण विचारकर बतलाइए, जिससे निर्गुण ब्रह्म सगुण रूप धारण करता है॥

**पुनि प्रभु कहहु राम अवतारा। बालचरित पुनि कहहु उदारा॥**
**कहहु जथा जानकी बिबाहीं। राज तजा सो दूषन काहीं॥**

फिर हे प्रभु! श्री रामचन्द्रजी के अवतार (जन्म) की कथा कहिए तथा उनका उदार बाल चरित्र कहिए। फिर जिस प्रकार उन्होंने श्री जानकीजी से विवाह किया, वह कथा कहिए और फिर यह बतलाइए कि उन्होंने जो राज्य छोड़ा, सो किस दोष से॥

**बन बसि कीन्हे चरित अपारा। कहहु नाथ जिमि रावन मारा॥**
**राज बैठि कीन्हीं बहु लीला। सकल कहहु संकर सुखसीला॥**

हे नाथ! फिर उन्होंने वन में रहकर जो अपार चरित्र किए तथा जिस तरह रावण को मारा, वह कहिए। हे सुखस्वरूप शंकर! फिर आप उन सारी लीलाओं को कहिए जो उन्होंने राज्य (सिंहासन) पर बैठकर की थीं॥

**( क्रमशः... )**

# मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर भ्रष्टाचार के आरोपों पर कांग्रेस चुप क्यों

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल पीएम मोदी की तरह झूठे वादे करते हैं। केजरीवाल ने कहा था कि भ्रष्टाचार मिटाएंगे लेकिन क्या दिल्ली में भ्रष्टाचार हटा क्या? अडानी पर भी केजरीवाल कुछ भी नहीं बोलते हैं। राहुल गांधी ने जब केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए उसी समय कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने (ईडी) ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले के संबंध में 300 करोड़ रुपये के बाजार मूल्य वाली 142 अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया। ईडी के बेंगलुरु जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत इन संपत्तियों को जब्त किया। ईडी के अनुसार, ये संपत्तियां विभिन्न व्यक्तियों के नाम पर पंजीकृत हैं जो रियल एस्टेट व्यवसायी और एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। ईडी ने लोकायुक्त पुलिस मैसूर द्वारा भारतीय दंड संहिता, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की थी।



**दरअसल कमजोर होती कांग्रेस में इतने क्षत्रप पनप गए हैं कि पार्टी चाह कर भी उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। ऐसे में भ्रष्टाचार हो या पार्टी विरोधी गतिविधियां, कांग्रेस खिसकते जनाधार के कारण यह जहर पीने को मजबूर हो गई है।**

आतंरिक तौर पर देखें तो राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े में इतना साहस भी नहीं हो सका कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री पद से हटाना तो दूर बल्कि कारण बताओ नोटिस तक जारी कर सकें। दरअसल कांग्रेस को अंदाजा है कि यदि सिद्धारमैया से कुछ भी पूछा गया तो विद्रोह की नौबत आ जाएगी। ऐसे में कांग्रेस ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखना ही सही समझा। कांग्रेस को शायद यह बात समझ में नहीं आई कि उसकी चुप्पी ही उसे अपराधी बना रही है। यही वजह है कि भाजपा ने विगत चुनावों में भ्रष्टाचार के मुद्दों पर कांग्रेस की बखिया उधडऩे में कोई कसर बाकी नहीं रखी।

दरअसल कमजोर होती कांग्रेस में इतने क्षत्रप पनप गए हैं कि पार्टी चाह कर भी उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। ऐसे में भ्रष्टाचार हो या पार्टी विरोधी गतिविधियां, कांग्रेस खिसकते जनाधार के कारण यह जहर पीने को मजबूर हो गई है। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इसका उदाहरण हैं। सरेआम पार्टी के निर्णयों की उपेक्षा करने के बावजूद कांग्रेस गहलोत के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकी। इसी तरह सचिन पायलट भी पार्टी खुल कर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे, किन्तु कांग्रेस उनकी तरफ से भी आंखे फेरे रही है। गहलोत और पायलट के अंदरूनी सता संघर्ष का ही नतीजा रहा कि कमजोर कांग्रेस राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला नहीं कर सकी और करारी शिकस्त खाने को मजबूर हुई।

कांग्रेस में भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरने वाले सिद्धारमैया अकेले नेता नहीं हैं। पार्टी में नीचे से लेकर शीर्ष तक नेताओं के खिलाफ गंभीर मामले चल रहे हैं। यहां तक कि पार्टी चलाने वालीं कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी जमानत पर चल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी कई भाषणों में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के जमानत पर बाहर होने पर चुटकी भी लेते रहे हैं। संसद के सत्र के दौरान जब कांग्रेस नेता अधीर रंजन ने कहा था कि भ्रष्टाचार के मामले हैं तो गिरफ्तार क्यों नहीं करते, तब पीएम मोदी ने हंसते हुए कहा था–जमानत पर हैं तो एन्जॉय करिए। इसी तरह कांग्रेस मौके-बेमौके ऐसे मुद्दें पर उपहास का पात्र बनती रही है। भ्रष्टाचार के मामलों को देखें तो दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से लेकर महाराष्ट्र तक के बड़े कांग्रेस नेता सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी जैसी एजेंसियों के निशाने पर रहे हैं। हालांकि कांग्रेस अपने नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार करती है। नेशनल हेराल्ड केस–2011 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, उनके बेटे राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता फंसे हैं। बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी का आरोप है कि यह सब कुछ दिल्ली में बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित हेराल्ड हाउस की 16 सौ करोड़ रुपये की बिल्डिंग पर कब्जा करने के लिए किया गया।

वर्ष 2013 में अगस्ता वेस्टलैंड वीआइपी हेलीकॉप्टर खरीद घोटाला में सीबीआई और दूसरी केंद्रीय एजेंसियां अहमद पटेल पर इतालवी चॉपर कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड से कमीशन लेने के आरोपों की जांच कर रही हैं। इस मामले में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी भी फंसे हैं। राजस्थान में एंबुलेस घोटाला में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट भी आरोपी हैं। ये मामला 2010 से लेकर 2013 तक एनआरएचएम के तहत एंबुलेंस खरीदने में हुई धांधली का है। ईडी अब तक 12 करोड़ की संपत्तियां आरोपियों से जब्त कर चुकी है। कांग्रेस के दिग्गज नेता डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति दर्ज करने का मामला चल रहा है। 2017 में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने डीके शिवकुमार के 64 ठिकानों पर जबर्दस्त छापेमारी की थी। टैक्स चोरी की शिकायतों पर यह कार्रवाई हुई थी। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह के खिलाफ भी केंद्रीय एजेंसियों ने छापेमारी की। सितंबर 2015 में उनकी बेटी की शादी के दिन सीबीआई ने छापेमारी कर खलबली मचा दी थी।

आश्चर्य यह नहीं है कि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं, बल्कि लगाने वाले ने अपनी पार्टी की गिरेबां में झांक कर नहीं देखा। आकंठ तक भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी कांग्रेस के मुंह से भ्रष्टाचार शब्द भी अब बेजान हो गया है। कांग्रेस का इतिहास और वर्तमान भ्रष्टाचार के काले कारनामों से रंगा हुआ है। कांग्रेस यदि आज देश में लगातार सिमटती जा रही है तो उसका प्रमुख कारण भ्रष्टाचार में लिप्त होना है। भाजपा के बाद देश की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस अपने दामन पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर दोमुंही बातें करती रही है। यह निश्चित है कि जब तक कांग्रेस भ्रष्टाचार को लेकर कथनी और करनी के फर्क को नहीं मिटाती तब तक देश के मतदाताओं का पूरा भरोसा नहीं जीत सकती।

**–योगेन्द्र योगी**

## पाठ्यक्रमों में बदलाव सत्ता पाने का हथियार

देश के नेताओं ने सत्ता पाने के लिए शिक्षा को भी राजनीतिक हथियार बनाया है। सत्ता बदलते ही नेता अपनी विचाराधारा के हिसाब से स्कूल-कॉलेजों के पाठ्यक्रमों में बदलाव करके वोट बैंक को पक्का करने की जुगत में लगे रहते हैं। विद्यार्थी इन सबके बीच फुटबाल बने रहते हैं। उन्हें वही पढऩा होता है जोकि सरकारें उन्हें पाठ्यक्रमों के जरिए पढ़ाती हैं। बेशक तथ्य तोड़-मरोड़ कर ही क्यों न पेश किए जाएं। हालात यह हैं कि सत्ता में बदलाव के साथ पाठ्यक्रम भी बदलते रहते हैं। देश में शिक्षा में इस तरह के बदलाव पर लंबे अर्से से बहस छिड़ी हुई है। राजनीतिक दल बदलाव को लेकर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहते हैं। इसी कड़ी में नया विवाद कर्नाटक में हुआ है। कर्नाटक यूनिवर्सिटी की किताब के सिलेबस को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि इसमें गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया। कर्नाटक विश्वविद्यालय के अंडरग्रेजुएट विद्यार्थियों के पहले सेमेस्टर की किताब में ऐसा कंटेंट लिखा गया है, जिससे भारत की एकता बाधित होती है। कथित तौर पर सिलेबस में संघ परिवार, राम मंदिर के निर्माण और भारत माता आदि की आलोचना की गई थी और कुछ गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। सिलेबस में आरएसएस की आलोचना करने के लिए बार-बार 'संघ परिवार' जैसे शब्दों का उपयोग करने का आरोप लगाया गया है। इससे पहले जब कर्नाटक में भाजपा की सरकार थी, तब पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर इसी तरह के आरोप लगाए गए थे। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने पर आरोप लगाए थे कि पूर्ववर्ती सिद्धारमैया सरकार ने महज अल्पसंख्यक समुदाय के तुष्टिकरण और कम्युनिस्ट विचारधारा थोपने के लिए किताबों में विभिन्न बदलाव किए थे।

इस दावे की पुष्टि करते हुए सरकार ने कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए संशोधनों को दिखाने के लिए 200 पृष्ठों की किताब भी जारी की थी, जिसमें पाठ्य पुस्तकों में हिंदू देवताओं और ऐतिहासिक आंकड़ों को गलत तरीके से पेश किया गया। भाजपा का आरोप था कि विजयनगर के शासकों, मैसूर राजाओं वडियारों, राष्ट्र कवियों कुवेम्पु, बेंगलुरु के संस्थापक केम्पेगौड़ा और सर एम. विश्वेश्वरैया पर अध्यायों को या तो हटा दिया गया या उन पर सामग्री कम कर दी गई। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने टीपू सुल्तान, मोहम्मद गजनवी, हैदर अली और मुगलों का बखान किया। सत्ता में आने पर भाजपा ने टीपू, हैदर अली, गजनवी और मुगलों पर अध्यायों को अब हटा दिया और स्वतंत्रता सेनानियों तथा मराठा शासक शिवाजी और केम्पेगौड़ा जैसी ऐतिहासिक शख्सियतों को पाठ्य पुस्तकों में प्रमुखता दी गई। राजनीतिक नजरिए से पाठ्यक्रमों में राज्य ही नहीं, केंद्र में जो भी सरकार सत्ता में रही, उसने अपनी दलीलों के साथ बदलाव किए हैं। यह सब किया जाता है देशहित और संस्कृति-सभ्यता के इतिहास को बचाने के नाम पर। वर्ष 2018 में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा 12वीं के राजनीति विज्ञान पाठ्य पुस्तक में गुजरात दंगों के बारे में अध्याय जोड़ दिया गया। इस अनुच्छेद में दो परिवर्तन किए गए। अनुच्छेद में शामिल शीर्षक मुस्लिम विरोधी गुजरात दंगे को बदलकर गुजरात दंगे कर दिया गया। इसी अनुच्छेद के पहले वाक्य से मुस्लिम शब्द भी हटा दिया गया। अनुच्छेद के शीर्षक के अलावा अनुच्छेद के अंदर के पाठ को नहीं छुआ गया। गुजरात में भाजपा शासन के दौरान 2002 में हुए मुस्लिम विरोधी गुजरात दंगों का संदर्भ पाठ्य पुस्तकों से हटा दिया गया है, जबकि कांग्रेस शासन के दौरान हुए सिख विरोधी दंगों को बरकरार रखा गया। वर्ष 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से यह तीसरी बार है, जब सरकार ने पाठ्य पुस्तक संशोधन की कवायद की। इससे पहले 2017 और 2019 में पाठ्य पुस्तकों में संशोधन किया गया था।

हटाए गए खंडों में मुगलों पर एक पूरा अध्याय शामिल है, जो एक मुस्लिम राजवंश था, जिसने भारत पर 200 वर्षों तक शासन किया और भारत के संस्थापक पिता मोहनदास करमचंद गांधी द्वारा हिंदू-मुस्लिम एकता की खोज की चर्चा से संबंधित पाठ को हटाया गया। गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे की ब्राह्मण उत्पत्ति और भाजपा के वैचारिक संरक्षक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर लगाए गए संक्षिप्त प्रतिबंधों को सुविधाजनक रूप से हटा दिया गया, जैसा कि 2002 के गुजरात में हुए सांप्रदायिक दंगों को भी हटाया गया। वर्ष 2022 में एनसीईआरटी ने स्कूलों की किताबों में बदलाव किए। इनमें प्राचीन और मध्ययुगीन काल से लेकर आधुनिक काल तक के बारे में अभी तक पढ़ाए जाने वाले कई तथ्यों को हटा दिया गया। मम्लूक, तुगलक, खिलजी, लोधी और मुगल साम्राज्य समेत सभी मुस्लिम साम्राज्यों के बारे में जानकारी देने वाले कई पन्नों को हटाया गया। जाति व्यवस्था से भी जुड़ी काफी जानकारी को हटा दिया गया, जैसे वर्ण प्रथा वंशानुगत होती है, एक श्रेणी के लोगों को अछूत बताना, वर्ण प्रथा के खिलाफ विरोध, 2002 के गुजरात दंगे, आपातकाल, नर्मदा बचाओ आंदोलन जैसे जन आंदोलनों आदि जैसी आधुनिक भारत की कई महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में जानकारी को भी हटा दिया गया। पाठ्य पुस्तकों से विवादास्पद हटाए गए तथ्यों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा था कि भाजपा-आरएसएस पाठ्य पुस्तक की सामग्री बदल सकते हैं, लेकिन वे इतिहास को नहीं मिटा सकते। भाजपा सरकार द्वारा पाठ्य पुस्तकों के भगवाकरण की व्याख्या करते हुए, केरल के कम्युनिस्ट पार्टी के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा था कि संघ परिवार इतिहास के निरंतर भय में रहता है, क्योंकि यह उनके असली चेहरे को उजागर करता है। वे इतिहास को फिर से लिखने और उसे झूठ से ढकने का सहारा लेते हैं। संघ परिवार में आरएसएस और भाजपा सहित उसके संबद्ध संगठन शामिल हैं। रोमिला थापर और जयंति घोष जैसे प्रख्यात शिक्षाविदों, जिन्होंने एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों के पिछले संस्करण लिखे हैं, ने एक सार्वजनिक बयान जारी कर हटाए गए शब्दों को वापस लेने की मांग की थी।

इन बदलावों को विभाजनकारी उद्देश्यों से प्रेरित बताते हुए बयान में कहा गया कि किताबें लिखने वालों से सलाह लेने का कोई प्रयास नहीं किया गया। यह एक ऐसा निर्णय है जो भारतीय उपमहाद्वीप के संवैधानिक लोकाचार और समग्र संस्कृति के खिलाफ है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए इतिहास के पाठ्यक्रम में अहम बदलाव किए। ये बदलाव सिंधु घाटी सभ्यता के उदय और पतन को लेकर हैं। ये बदलाव हरियाणा के राखीगढ़ी में स्थित सिंधु घाटी सभ्यता के स्थल से प्राप्त प्राचीन डीएनए के अध्ययन के आधार पर किए गए। इस अध्ययन से माना जाता रहा कि आर्यों के आगमन का सिद्धांत गलत साबित होता है। सरकारों का जोर ज्यादातर राजनीतिक विज्ञान, समाज विज्ञान और हिंदी की पुस्तकों पर सुविधा के हिसाब से बदलाव पर जो रहा है। यह सिलसिला थमने वाला नहीं है। जो भी दल भविष्य में सत्ता में आएगा, पाठ्यक्रमों में फिर वही बदलाव का सिलसिला जारी रहेगा। इससे और कुछ हो न हो, पर विद्यार्थी दिग्भ्रमित जरूर होते हैं। इसलिए बेहतर है कि पाठ्यक्रमों में बदलाव के लिए देश के पुराविदों, शिक्षाविदों के साथ न्यायविदों को भी शामिल किया जाए ताकि चुनावी गणित के हिसाब से ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़ का सिलसिला बंद हो सके।

**–योगेंद्र योगी**
**स्वतंत्र लेखक**

## राशिफल

**माघ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
व्यावसायिक उत्थान में भाग्य साथ देगा, लेकिन कोर्ट-कचहरी से बचें। स्वास्थ्य पर थोड़ा ध्यान दें।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
धीरे-धीरे परिस्थितियां अनुकूल होते जाएंगी। स्वास्थ्य में सुधार होता जाएगा। प्रेम, संतान का भी साथ होगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
सांयकाल से पहले जो भी करना चाहते हैं उसको निपटा लें। इसके बाद थोड़ा मध्यम समय हो जाएगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वंय के स्वास्थ्य पर और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। नौकरी-चाकरी में कोई रिस्क न लें।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
शत्रु परेशान करेंगे की कोशिश करेंगे। थोड़ा डिस्टर्ब रहेंगे आप, लेकिन जीत आपकी होगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं है। मानसिक अवसाद की स्थिति है। शारीरिक स्थिति फिर भी ठीक है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
घरेलू सुख बाधित होगा। घर में नकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी में परेशानी का अनुभव करेंगे।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
नाक, कान, गला की परेशानी होगी। व्यावसायिक उतार-चढ़ाव बना रहेगा। जो आप करना चाहेंगे उसमें थोड़ा विघ्न-बाधा रहेगी।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
स्वास्थ्य पर ध्यान दें। निवेश वर्जित रहेगा और कुटुंब से न उलझें। प्रेम, संतान मध्यम।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
घबराहट बेचैनी बनी रहेगी। ऊर्जा का स्तर घटता-बढ़ता रहेगा। प्रेम, संतान ठीक है। व्यापार भी ठीक है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
सर दर्द, नेत्र पीड़ा, अज्ञात भय, खर्च की अधिकता, अनाब-सनाब खर्चें। मन परेशान रहेगा। प्रेम, संतान ठीक है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
यात्रा बहुत लाभदायक नहीं होगा। आर्थिक उतार-चढ़ाव बना रहेगा। रुपये, पैसे आने में कठिनाई का अनुभव करेंगे।

# भाकियू (बलराज) ने 76वें गणतंत्र दिवस का किया भव्य आयोजन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के कैमराला चक्रसैनपुर स्थित राष्ट्रीय कैंप कार्यालय पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने कार्यकर्ताओं के साथ 76वें गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर देशभक्ति गीतों पर कार्यकर्ताओं और नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर गणतंत्र दिवस को बड़े धूमधाम से मनाया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने देश की आजादी के महान सपूतों और बलिदानियों को नमन करते हुए देशवासियों को राष्ट्रीय पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि गणतंत्र दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य हमारे संविधान की महत्ता और स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों को याद करना है। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी 1950 को हमारे देश का संविधान, जिसे बनाने में 2 साल 11 महीने और 18 दिन लगे, लागू किया गया था और भारत को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया गया था।

इस अवसर पर महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा सिवाल, उत्तर प्रदेश यूथ अध्यक्ष विपिन खारी, उत्तर प्रदेश महासचिव दिलदार अंसारी, जिलाध्यक्ष योगेश वैष्णव, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश भड़ाना, प्रदेश सचिव सोनू खारी, यूथ प्रदेश उपाध्यक्ष लक्की मायचा, उत्तर प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष सकीना खान, पूर्वी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष लालू, जिला सचिव विनीत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष खालिद, जिला महासचिव लुकमान अली, जिला सचिव दिलशाद अली, जिला महामंत्री मनीष पिलवाल, आईटी सेल अध्यक्ष मन्नू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कामायनी फाउंडेशन ने वाराणसी में गरीब एवं असहाय लोगों को बांटे कम्बल




चेतना मंच

**वाराणसी/ग्रेटर नोएडा।** कामायनी फाउंडेशन द्वारा ठंड और शीतलहरी से गरीब एवं असहाय लोगों को बचाने के लिए वाराणसी में विभिन्न स्थानों पर कंबल वितरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में, फाउंडेशन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीन कुमार सैन, गाजियाबाद निवासी नरेंद्र सिंह, नरेश सिंह, तथा ग्राम पिपाला इखलाशपुर निवासी बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में गरीबों के बीच कंबलों का वितरण किया गया।

इस दौरान फाउंडेशन के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीन कुमार सैन ने बताया कि ओढ़ेगा भारत मुहिम के तहत यह कंबल वितरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कामायनी फाउंडेशन जल्द ही गरीब एवं असहाय परिवारों की बेटियों की शादी में मदद हेतु एक विशेष कार्ययोजना तैयार कर रहा है। उनका मानना है कि कन्यादान महादान होता है और इसमें समाज के सभी लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

कामायनी फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लड़कियों और महिलाओं के उत्थान के लिए शिक्षा, रोजगार, और सामाजिक समर्थन प्रदान करना है। इसके साथ ही, लड़कियों की शादी के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना और महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम आयोजित करना फाउंडेशन की प्राथमिकता है।

# पीडीए ने किया जन पंचायत का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए चर्चा कार्यक्रम के तहत ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गांव सादुल्लापुर में समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष दीपक नागर के संयोजन में पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आम जनता बेहद परेशान है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में भाजपा सरकार पूरी तरह विफल रही है। भाजपा अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए धर्म की आड़ ले रही है।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि सपा सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए थे, लेकिन भाजपा सरकार के आने के बाद प्रदेश में विकास पूरी तरह रुक गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार देश के सौहार्द को बिगाड़कर एकता और भाईचारे को खत्म करने का प्रयास कर रही है।



जनता भाजपा की नीतियों से परेशान होकर पीडीए के साथ खड़े होने का मन बना चुकी है।

इस मौके पर मुख्य रूप से फकीर चंद नागर, डॉ. महेंद्र नागर, इंदर प्रधान, गजराज नागर (चेयरमैन), सुधीर तोमर, दीपक देवटा, अक्षय चौधरी, उपदेश नागर, मनोज शर्मा, महेश भाटी, विवेक यादव, नवीन भाटी, श्याम सिंह भाटी, जगवीर नंबरदार, हैप्पी पंडित, राजेश दीक्षित, विपिन सैन, मोहित यादव, अनीता चौहान, संजीव नागर, सतीश यादव, शान रिजवी, मोनू भाटी, मंसूर रिजवी आदि लोग उपस्थित रहे।

# आचार्य रामचंद्र शुक्ल शिक्षण संस्थान में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**मिर्जापुर।** आचार्य रामचंद्र शुक्ल शिक्षण संस्थान, रमई पट्टी, मिर्जापुर में 74वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा ने ध्वजारोहण के बाद अपने संबोधन में कहा कि हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। विशिष्ट अतिथि आनंद अमित ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत एक ऐसा राष्ट्र है जिसमें विविधता के साथ समरसता भी समाहित है। वहीं, विशिष्ट अतिथि आनंद केसरी ने स्वतंत्रता संग्राम में आई कठिनाइयों को याद करते हुए कहा कि हमें बहुत संघर्षों के बाद यह आजादी मिली है।

संस्थान के प्रबंधक राकेश चंद्र शुक्ल ने कहा कि भारत 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र हुआ और 26 जनवरी 1950 को देश में संविधान लागू हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनकी सभी ने सराहना की। मुख्य अतिथि ने बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किए।



इस अवसर पर जितेंद्र प्रजापति, प्रियंका विश्वकर्मा, शशिबाला श्रीवास्तव, मंजुलता, प्रतिमा, शिवानी विश्वकर्मा, अर्चना आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के प्रधानाचार्य आशीष चंद्र शुक्ल ने कुशलतापूर्वक किया।

# जिला कारागार में क्रिकेट मैच का रोमांच

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर में सातवें दिन जेल प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का रोमांचक आगाज हुआ। इस अवसर पर जेल अधीक्षक बृजेश कुमार, राजीव कुमार सिंह (कारापाल), सुरजीत सिंह (उपकारापाल), श्रीमती मनोरमा सिंह (उपकारापाल) सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सातवें दिन जेल प्रीमियर लीग के तहत खेले गए क्रिकेट मैच का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन ने न केवल क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचित किया, बल्कि यह बंदियों के लिए एक सकारात्मक और प्रेरणादायक पहल के रूप में उभरा। यह टूर्नामेंट जेल प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य बंदियों के बीच शारीरिक व मानसिक गतिविधियों के माध्यम से मनोबल को बढ़ाना और टीम भावना को प्रोत्साहित करना है।



दिन की शुरुआत पहले मैच से हुई, जो जेल इंडियन और जेल किंग्स के बीच खेला गया। इसमें जेल इंडियन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 81 रनों का लक्ष्य जेल किंग्स के सामने रखा। जेल किंग्स ने 11वें ओवर में यह लक्ष्य बड़ी आसानी से हासिल कर लिया और 1 विकेट से जीत दर्ज की।

दूसरा मुकाबला जेल नाइटराइडर्स और जेल डेयरडेविल्स के बीच खेला गया। इस मैच में जेल नाइटराइडर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। डेयरडेविल्स ने 7 विकेट खोकर 97 रनों का लक्ष्य नाइटराइडर्स के सामने रखा। नाइटराइडर्स की टीम 9वें ओवर में ही मात्र 47 रनों पर ऑलआउट हो गई, और डेयरडेविल्स ने यह मैच जीत लिया।

तीसरा मुकाबला जेल वॉरियर्स (जेल वार्डर) और जेल रॉयल्स के बीच खेला गया। इस मैच में जेल वॉरियर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। उनकी शानदार रणनीति ने उन्हें बड़ी बढ़त दिलाई। इस रोमांचक मुकाबले में डॉ. विवेक पाल (चिकित्साधिकारी) और जेल अधीक्षक श्री बृजेश कुमार ने ओपनिंग की। हालांकि, श्री बृजेश कुमार 4 रन बनाकर आउट हो गए।

नवनीत शर्मा ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए 32 गेंदों पर 76 रन बनाए, जिसमें 9 छक्के और 6 चौके शामिल थे। डॉ. विवेक पाल ने 17 गेंदों पर 33 रन बनाए। जेल वॉरियर्स ने 2 विकेट के नुकसान पर 159 रनों का विशाल लक्ष्य जेल रॉयल्स के सामने रखा। गेंदबाजी में हरिओम ने 3 और नवनीत शर्मा ने 2 विकेट लेकर जेल रॉयल्स को मात्र 70 रनों पर ऑलआउट कर दिया।

समाचार लिखे जाने तक चौथा मैच जेल नंबरदार फाइटर्स और जेल सनराइजर्स के बीच खेला गया। इसमें जेल नंबरदार फाइटर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। नीरज और प्रवेश की शानदार साझेदारी में क्रमशः 50 और 39 रन बनाकर टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर 178 रनों का लक्ष्य जेल सनराइजर्स के सामने रखा।

टूर्नामेंट में सभी खिलाड़ियों ने खेल भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया। मैच के दौरान दर्शकों को न केवल मनोरंजन मिला, बल्कि खेल की सकारात्मकता और टीम भावना का प्रेरणादायक संदेश भी दिया गया।

## धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस




**पीलीभीत।** जनपद भर मे गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर तमाम प्रशासनिक, शैक्षणिक व अन्य संस्थाओं पर पूर्ण हर्सोल्लास के साथ तिरंगा फहराया गया। विद्यालयों मे गणतंत्र दिवस को लेकर छात्र-छात्राओं मे अलग ही उत्साह रहा।

जिलाधिकारी संजय सिंह ने कलेक्ट्रेट भवन पर ध्वज फहराकर गणतंत्र दिवस की शुभकामना प्रेषित की। उप शिक्षा निदेशक महेंद्र कुमार सिंह ने समस्त स्टाफ के साथ डाइट मे ध्वज फहराते हुए देश की संस्कृति व सभ्यता के बारे मे बताते हुए उसे संरक्षित रखने की नैतिक जिम्मेदारी पर बल दिया।

डाइट में बेसिक शिक्षा मंत्री तथा डायरेक्टर एससीईआरटी लखनऊ के संदेशों का वाचन भी किया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. अमित कुमार सिंह ने बीएसए कार्यालय पर ध्वज फहराया।

## संभ्रांत ( कविता )



डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी ( राही )
ज्ञानपुर ( भदोही )

देखने में बड़े सुंदर शांत हैं
किंतु अंदर से बड़े दुर्दांत हैं
लेकर सेवा की शपथ मांगे थे
वोट जीतने पर बन गए
आक्रांत हैं
दूर करने चले थे वे विषमता,
क्या बताएं उनके जो वृतांत हैं
झूठ चोरी डकैती हत्या में
पारंगत हुए,
हाथ जोड़े यूं खड़े जैसे बड़े
संभ्रांत हैं

# डीबीटी का कार्य पूर्ण नहीं तो वेतन नहीं : अजय कुमार



**पीलीभीत।** बरखेड़ा बीआरसी पर समस्त प्रधानाध्यापकों की बैठक मे खंड शिक्षा अधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालय मे अध्ययनरत बालकों की बकाया डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें, जिससे बालकों के अभिभावकों के खाते मे ड्रेस, जूता-मौजा का पैसा भेजा जा सके। जिस बालक का जन्म प्रमाणपत्र नहीं बना है, उसका अतिशीघ्र प्रमाणपत्र बनवाकर डीबीटी को पूर्ण करें। अन्यथा वेतन आहरण अवरुद्ध किया जा सकता है।

बीआरसी पर ब्लॉक के समस्त प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक को खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार ने संबोधित किया। उन्होंने डीबीटी, अपार आईडी के अवशेष कार्य को 31 जनवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रेरणा पोर्टल पर बालकों को वितरित पुस्तकें फीड करने और बालकों की उपस्थिति ऑनलाइन लगाने के लिए भी कहा। उन्होंने पीएमश्री विद्यालयों मे अनेक मदों मे प्राप्त धनराशि और उसके उपभोग के बिल जल्द जमा करें। खंड शिक्षा अधिकारी ने पायलेट प्रोजेक्ट से संबंधित गूगल फॉर्म को फिल करने और स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम को सुचारू रखने पर जोर दिया। एआरपी ज्ञान प्रकाश गंगवार और रवि कुमार ने निपुण भारत मिशन के तहत चल रहे निपुण लक्ष्य कार्यक्रम पर प्रकाश डाला।

# पीएमश्री कटकवारा विद्यालय में माँ-बेटी मेले का आयोजन

**पीलीभीत।** बालिकाओ की शिक्षा एवं सशक्तिकरण के मुद्दों पर जन समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से बरखेड़ा ब्लॉक के पीएमश्री कटकवारा विद्यालय में माँ-बेटी और अभिभावकों का एक दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक उपेन्द्र कुमार व अन्य स्टॉफ की देख-रेख में बालिकाओं ने गणित की ट्रिक, विज्ञान के खेल और कबाड़ से जुगाड़ आदिक गतिविधियों के स्टॉल लगाकर आये अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाध्यापक ने बालकों को जलवायु परिवर्तन एवं स्वच्छ परिवेश के बारे में विस्तार से समझाते हुए कहा कि आज जलवायु परिवर्तन वैश्विक समस्या बन गई है, इसकी रोकथाम के लिए हमे प्रयास करना होगा। अपने आसपास के स्थान को स्वच्छ रखकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। बालिकाओं से जुड़ी समस्याओं पर भी माँ-बेटी संवाद हुआ, जिसमे बालिकाओं को सशक्तिकरण संबंधी जानकारी प्रदान की गई।



दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स ने टीपी-लिंक के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने भारत में अपने नेटवर्किंग उपकरणों तथा स्मार्ट घरेलू उत्पादों के विनिर्माण के लिए अग्रणी वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड टीपी-लिंक के साथ साझेदारी की सोमवार को घोषणा की। दोनों कंपनियों के अनुसार इस रणनीतिक साझेदारी का मकसद कनेक्टेड डिवाइस के लिए भारत की बढ़ती मांग को पूरा करना तथा भारत में विनिर्मित इलेक्ट्रॉनिक को निर्यात बाजारों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करना है। इसमें कहा गया कि यह सहयोग टीपी-लिंक के मेक इन इंडिया दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्धता को और दूरसंचार एवं इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण के लिए वैश्विक केंद्र बनने के भारत के संकल्प को मजबूत करता है। इन उत्पादों का विनिर्माण ओईएल की सुविधा में किया जाएगा, जिसकी प्रति वर्ष 60 लाख उपकरणों के उत्पादन की क्षमता है। विज्ञप्ति में कहा गया ?कि यह सहयोग निर्यात बाजारों के लिए इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के विकास और विनिर्माण का मार्ग भी प्रशस्त करेगा।

### एक्टिवा का 2025 एडिशन लॉन्च

**नई दिल्ली।** टूव्हीलर निमार्ता कंपनी होंडा ने स्कूटर, एक्टिवा का 2025 एडिशन लॉन्च कर दिया है। इस नए एक्टिवा मॉडल में एक नया 4.2-इंच टीएफटी डिस्प्ले दिया गया है, जो ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन और कॉल/मैसेज अलर्ट जैसी कनेक्टिविटी सुविधाओं से लैस है। 2025 एक्टिवा के टॉप-स्पेक एच-स्मार्ट वेरिएंट में ये कनेक्टिविटी सुविधाएँ और टीएफटी स्क्रीन दी गई हैं। इस वेरिएंट में अब यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट भी मौजूद है, जो इसे और भी प्रैक्टिकल बनाता है। नए एक्टिवा में 109.51सीसी का एयर-कूल्ड इंजन दिया गया है, जो 8,000 आरपीएम पर 7.8 बीएचपी की पावर और 5,500आरपीएम पर 9.05एनएम का टॉर्क उत्पन्न करता है। इसके अलावा, अब डीएलएक्स वैरिएंट में स्टील व्हील्स की बजाय अलॉय व्हील्स मिलेंगे, जो पहले केवल टॉप-एंड एच-स्मार्ट ट्रिम में उपलब्ध थे। नए 2025 होंडा एक्टिवा तीन वैरिएंट - एसटीटी, डीएलएक्स और एच-स्मार्ट में उपलब्ध होगा, जिसकी शुरूआती कीमत 80,950 रुपये है, जो इसे मौजूदा मॉडल से लगभग 2,300 रुपये अधिक महंगा बनाती है। होंडा एक्टिवा भारतीय बाजार में एक प्रमुख स्कूटर है और यह टीवीएस जुपीटर, हीरो प्लेजर प्लस एक्सटेक और अन्य स्कूटर्स के साथ प्रतिस्पर्धा करता है।

### रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया पांच पैसे की गिरावट के साथ ही 86.27 रुपये पर बंद हुआ। विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और घरेलू शेयर बाजार में नरमी के बीच रुपया आज सुब शुरूआती कारोबार में 22 पैसे की गिरावट के साथ 86.44 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि शुक्रवार को भारतीय रुपये में बढ़त दर्ज की गई थी, लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क संबंधी फैसले पर अनिश्चितताओं के बीच सोमवार को यह गिरावट के साथ खुला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 86.35 पर खुला और फिर फिसलकर 86.44 प्रति डॉलर पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से 22 पैसे की गिरावट दिखाता है।

# अमेरिकी बाजार में भारतीय सामान का जलवा

- पिछले वित्त वर्ष के पहले 9 महीनों में, भारत का वस्तु निर्यात बढ़कर 59.93 अरब डॉलर हुआ



एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिका में ट्रंप युग की शुरूआत हो गई हो और उन्होंने विभिन्न देशों, भारत सहित, पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी हो लेकिन भारत के निर्यातकों ने बजाय हर्जाने के अमेरिकी बाजार में अपनी मजबूती साबित की है। नवंबर 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार भारत ने अमेरिका को हर घंटे लगभग 80 करोड़ रुपए का सामान निर्यात किया है। इसका मतलब है कि भारतीय उत्पादों की मांग अमेरिकी बाजार में बढ़ रही है और निर्यात में वृद्धि हो रही है। पिछले वित्त वर्ष के पहले 9 महीनों में, भारत का वस्तु निर्यात 5.57 फीसदी बढ़कर 59.93 अरब डॉलर पहुंच गया है, जो मौजूदा रुझान की मजबूती को दर्शाता है। इसके साथ ही दिसंबर में अमेरिका को भारत का निर्यात 8.49 फीसदी बढ़कर सात अरब डॉलर रहा है। भारतीय निर्यात में यह वृद्धि सकारात्मक संकेत देती है और भारत के भीतर उत्पादन की वृद्धि को प्रोत्साहित करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस समय भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिकी बाजार में निर्यात के लिए अच्छे मौके हैं, जिससे भारतीय उत्पादकों के लिए नये दरवाजे खुल सकते हैं। आगे चलकर, इस व्यापारिक संबंध का विस्तार होने की संभावना है और भारत और अमेरिका के बीच व्यापार में और बढ़ोतरी हो सकती है। इस रिपोर्ट से स्पष्ट हो रहा है कि भारतीय निर्यातकों की क्षमता और उत्पादन अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पादों की मांग में भी वृद्धि दर्ज हो रही है। यह संकेत भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिका में बड़ी संभावनाएं दर्शाता है, जो आने वाले वर्षों में निर्यात में और वृद्धि को देख सकते हैं।

## रॉयल एनफील्ड हंटर 350 की 5 लाख से अधिक मोटर साईकिलें बिकीं



एजेंसी

**रांची।** मिडसाईज मोटरसाईकिल सेगमेंट (250सीसी-750सीसी) सेगमेंट में ग्लोबल लीडर, रॉयल एनफील्ड की कंपैक्ट और स्टाईलिश रोडस्टर, हंटर 350 की 500,00 से अधिक मोटरसाईकिलें बिक चुकी हैं। रॉयल एनफील्ड ने 2022 में अपनी हंटर मोटरसाईकल बाजार में उतारी थी, जिसके बाद यह इसके सबसे ज्यादा बिकने वाले मोटरसाईकिल मॉडलों में शामिल हो गई। दुनिया में इसके 5 लाख से अधिक संतुष्ट ग्राहक हैं।अर्बन एक्सप्लोरर्स और नए युग के राईडर्स के लिए पेश की गई हंटर 350 रॉयल एनफील्ड के डीएनए के साथ बहुत चुस्त और स्टाईलिश मोटरसाईकल है, जिसके साथ राईडिंग बहुत मजेदार बन जाती है। अपनी कूल स्टाईलिंग, डायनामिक परफॉर्मेंस और आधुनिक रेट्रो चार्म के कारण हंटर 350 आज के युवा राईडर्स की पसंदीदा मोटरसाईकिल बन गई है। शहरों की तंग गलियों से गुजरना हो, लोकप्रिय स्थानों की यात्रा करनी हो, या फिर खुली सड़कों पर स्वतंत्र रूप से दौड़ना हो, हंटर 350 अपनी चुस्त और आत्मविश्वास से भरी राईडिंग के कारण युवा राईडर्स की पहली पसंद है।हंटर 350 की बढ़ती लोकप्रियता से भारत और विश्व के विभिन्न बाजारों में इसकी बहुआयामी अपील प्रदर्शित होती है। हंटर 350 को राईडर्स इसलिए पसंद करते हैं क्योंकि यह कंपैक्ट होने के साथ फुर्तीली और शुद्ध मोटरसाईकल के गुणों से भरपूर है।

## कई राज्यों में कम हुए पेट्रोल-डीजल के भाव




एजेंसी

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें सोमवार को गिरावट के साथ कारोबार कर रही हैं। क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के नीचे, तो ब्रेंट क्रूड 77.75 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर मिल रहा है। इस बीच देश में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतें अपडेट कर दी हैं। देश के कई हिस्सों में ईंधन के भाव में कटौती और बढ़ोतरी हुई हैं। हालांकि देश के 4 महानगरों में कोई अंतर देखने को नहीं मिला है। आंध्रा प्रदेश और छत्तीसगढ़ समेत कुछ राज्यों में पेट्रोल सस्ता हुआ है तो बिहार और दमन द्वीप समेत कुछ जगहों पर ईंधन के दाम मामूली रूप से बढ़ गए हैं। वहीं चारों महानगरों में पेट्रोल-डीजल के भाव इस प्रकार हैं- दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है। इन शहरों में बदल गए भाव- गुरुग्राम में पेट्रोल 94.99 रुपये और डीजल 87.84 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 105.23 रुपये और डीजल 92.09 रुपये प्रति लीटर हो गया है। जयपुर में पेट्रोल 104.91 रुपये और डीजल 90.21 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

## शेयर बाजार में निवेशकों को 9 लाख करोड़ का नुकसान




एजेंसी

**मुम्बई।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को भारी गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। घरेलू । कंपनियों के तीसरी तिमाही के परिणाम उम्मीद से कम रहने और अमेरिका की नई सरकार की कारोबार नीति को लेकर जारी संशय से भी बाजार टूटा। विदेशी निवेशकों की लगातार जारी बिकवाली से भी बाजार पर दबाव आया। इसी कारण आज कारोबर के दौरान बेंचमार्क इंडेक्स निफ़्टी और सेंसेक्स एक फीसदी से अधिक गिरा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 824.29 अंक करीब 1.08 फीसदी टूटकर 75,366.17 पर बंद हुआ था। इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज काका निफ्टी भी 263.05 अंक तकरीबन 1.14 फीसदी नीचे आकर 22,829 पर बंद हुआ। आज बाजार में गिरावट का कारण दुनिया भर में तकनीकी शेयरों में आई गिरावट रह। एआई क्षेत्र में में हाई-टेक चिप्स की भारी मांग से निवेशकों में भय का माहौल रहा और वे बाजार से दूसरे हो गये। साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के पड़ोसी देशों पर अधिक टेरिफ शुल्क लगाने की घोषणा से बाजार में भारी गिरावट आई। इसके साथ ही विदेशी निवेशकों की बिकवाली का सिलसिला लगातार जारी रहने से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ाहै। विदेशी निवेशक पिछले कारोबारी सत्र सेशन में सबसे बड़े बिकवाल रहे। उन्होंने कुल 13,988.96 करोड़ रुपये की इक्विटी बेचीं। शेयर बाजार में सोमवार को आई गिरावट से निवेशकों को 9.40 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ । बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण शुक्रवार को 4,19,51,854 करोड़ रुपये था। यह सोमवारक को घटकर 4,10,08,631 करोड़ रुपये रह गया।इस प्रकार कंपनियों को 9.40 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इस बड़ी गिरावट के साथ अपने ऑल टाइम हाई से लगभग 13 फीसदी नीचे आया है , वहीं, बीएसई सेंसेक्स भी अपने ऑल टाइम हाई से 12 फीसदी से अधिक गिरा है। वहीं आज सुबह बाजार बड़ी गिरावट लेकर खुला। इससे पहले भारतीय शेयर बाजार लगातार तीसरा हफ्ता गिरावट में बंद हुआ। वहीं एशियाई बाजारों की शुरूआत सोमवार को बढ़त के साथ हुई, लेकिन बाद में यह मिलाजुला रुख अपनाए रहे।

## राजेश को भविष्य बताने की रहस्यमय शक्ति हुई प्राप्त



एजेंसी

**मुंबई।** सोनी सब का 'वागले की दुनिया के इस चरण में खूबसूरती से दिखाया गया है कि कैसे माता-पिता को हमेशा बदलती दुनिया में अपने बच्चों के साथ विकसित होना चाहिए। शो के मुख्य किरदार राजेश वागले को महाशक्ति मिलने वाली है - जो भविष्य में देखने की क्षमता है। यह नई शक्ति शो में एक नया आयाम जोड़ती है, जहां राजेश के असाधारण गिफ्ट के कारण नए अनुभव सामने आते हैं। हाल ही में लॉन्च किए गए प्रोमो ने प्रशंसकों के बीच उत्सुकता जगा दी है, जिसमें कल क्या होगा किसको पता की पुरानी धुन शामिल है। राजेश की भविष्य में देखने की क्षमता असाधारण क्षमता लाती है, लेकिन यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी लाती है। जैसा कि कहा जाता है, बड़ी शक्ति के साथ बड़ी ज़िम्मेदारी भी आती है। उसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। यह एपिसोड न केवल मनोरंजन करने का वादा करता है, बल्कि विचार करने को भी उकसाता है, और मैं दर्शकों को इसे अनुभव करने के लिए उत्सुक हूँ।

## मैक्रोटेक डेवलपर्स का तिमाही में कर्ज 12 प्रतिशत घटा




एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय रियल एस्टेट बाजार में स्थित मैक्रोटेक डेवलपर्स के एक प्रमुख अधिकारी ने बताया कि उनकी कंपनी का शुद्ध ऋण अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 12 प्रतिशत घटकर 4,320 करोड़ रुपये रह गया है। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित आंकड़ों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने ब्रांड के तहत संपत्तियों का विपणन करने वाली मैक्रोटेक डेवलपर्स का शुद्ध ऋण चालू वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही के अंत में 4,930 करोड़ रुपये था। इसके बाद की चुनौतियों और संघर्षों के बारे में भी उन्होंने बात की। उन्होंने बताया कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का प्रदर्शन मजबूत रहा है और उनकी उम्मीद भी वित्त वर्ष के समापन में मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही पूर्व-बिक्री मामले में हमारी अब तक की सबसे मजबूत तिमाही रही। संग्रह के मामले में भी यह अब तक की सबसे अच्छी तिमाही रही। उन्होंने अपने भविष्य की योजनाओं और रणनीतियों के बारे में भी बात की और कहा कि महत्वपूर्ण व्यावसायिक विकास और मजबूत परिचालन प्रदर्शन के दम पर उनका शुद्ध ऋण करीब 600 करोड़ रुपये कम हो गया है और अब करीब 4,300 करोड़ रुपये का है। इसका ऋण समता अनुपात 0.22 है।

## चीन की विनिर्माण गतिविधियों में मंदी



एजेंसी

**हांगकांग।** चीन की विनिर्माण गतिविधियों में जनवरी में मंदी दर्ज की गई है। यह मंदी का कारण मुख्य रूप से श्रमिकों के चंद्र नववर्ष की छुट्टियों के लिए अपने गृहनगर जाना माना जा रहा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार कारखाना प्रबंधकों के सर्वेक्षण पर आधारित क्रय प्रबंधक सूचकांक जनवरी में 49.1 पर आ गया, जो कि दिसंबर 2024 में 50.1 था। सूचकांक के 50 से ऊपर होने का मतलब है कि उत्पादन गतिविधियों में विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट दशार्ता है। नये ऑर्डर तथा उत्पादन में भी कमी आई है। गैर-विनिर्माण क्षेत्र के लिए समानांतर क्रय प्रबंधक सूचकांक दिसंबर के 52.2 अंक से फिसलकर जनवरी में 50.2 अंक पर आ गया है। ब्यूरो के एक वरिष्ठ सांख्यिकीविद् ने कहा कि कारखाना गतिविधियों में गिरावट आंशिक रूप से छुट्टियों के कारण है। उन्होंने बताया कि चीन में सबसे बड़ा त्यौहार चुंग जी का सार्वजनिक अवकाश है, जो मंगलवार से शुरू होगा और चार फरवरी तक जारी रहेगा। इसके दौरान लाखों नागरिक अपने परिवार के साथ समय बिताने के लिए शहरों से गांवों की ओर लौटते हैं। चीन की अर्थव्यवस्था ने 2024 में पांच प्रतिशत वार्षिक दर से बढ़ाई थी, जो कि मजबूत निर्यात और प्रोत्साहन के परिणाम है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा चीन से आयात पर शुल्क बढ़ाने की चेतावनी के बीच, देश का निर्यात परिदृश्य भी अनिश्चित है।

## अक्षय कुमार-वीर पहाड़िया की फिल्म स्काई फोर्स ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया धमाल




एजेंसी

**रांची।** नए साल में बॉलीवुड की कई फिल्में रिलीज हुईं। लेकिन जो फिल्म दर्शकों के दिलों पर खास छाप छोड़ने में कामयाब रही। वह है अक्षय कुमार और डेब्यू स्टार वीर पहाड़िया की मुख्य भूमिका वाली स्काई फोर्स। रिपब्लिक डे पर रिलीज हुई ।यह फिल्म न सिर्फ शानदार रिव्यूज बटोर रही है, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। रिलीज के पहले दिन स्काई फोर्स ने 15.30 करोड़ रुपये की कमाई की। शनिवार को फिल्म की कमाई में 80% की शानदार बढ़त देखने को मिली और जिससे इसने 26.30 करोड़ रुपये कमाए। रविवार को फिल्म ने 31.60 करोड़ रुपये की कमाई की। जिससे कुल कलेक्शन 73.20 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। भारत में ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी फिल्म का प्रदर्शन शानदार रहा, जिससे यह 100 करोड़ कमाने वाली 2025 की पहली हिंदी फिल्म बनने जा रही है। हालिया बॉलीवुड फिल्मों के बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन को देखते हुए ये आंकड़े बेहद उत्साहजनक हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, फतेह ने करीब 13 करोड़ रुपये, इमरजेंसी ने 16 करोड़ रुपये और आजाद ने मात्र 7 करोड़ रुपये की कमाई की है।स्काई फोर्स की सांसें थाम देने वाली एरियल एक्शन सीक्वेंसेज को दर्शकों से खूब सराहना मिल रही है। वहीं दर्शकों और आलोचकों से डेब्यू कर रहे वीर पहाड़िया खूब तारीफ बटोर रहे हैं, जिन्होंने फिल्म में टी विजय उर्फ टॉडी का किरदार निभाया है। यह किरदार स्क्वाड्रन लीडर अज्जमादा बोप्पाया देवैया से प्रेरित है, जिन्हें महावीर चक्र से नवाजा गया था। देवैया को उनके साहस और 1965 के भारत-पाक युद्ध में दुश्मन विमानों के खिलाफ लड़ा गया प्रतिष्ठित डॉगफाइट के लिए जाना जाता है। वहीं, अक्षय कुमार फिल्म में विंग कमांडर कुमार ओम की भूमिका में नजर आ रहे हैं, जो वीर चक्र प्राप्त ओम प्रकाश तनेजा का काल्पनिक किरदार है। अक्षय और वीर की केमिस्ट्री भी दर्शकों को काफी पसंद आ रही है।

## महाकुंभ में न्युवोको विस्टास तीर्थयात्रियों के लिए विशेष सेवाएं



एजेंसी

**जमशेदपुर।** भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 में अपनी भागीदारी की घोषणा की है। यह पहल डीलरों, सब-डीलरों, प्रभावशाली व्यक्तियों और तीर्थयात्रियों के साथ जुड़ने और उन्हें बेहतर अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस संबंध में न्युवोको विस्टास के मार्केटिंग, इनोवेशन और सेल्स एक्सीलेंस के प्रमुख चिराग शाह ने कहा कि महाकुंभ मेला हमारे भागीदारों और समुदाय के साथ जुड़ने का एक अनूठा अवसर है। इस ऐतिहासिक और सांस्कृतिक आयोजन का हिस्सा बनकर हम गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य व्यक्तिगत सेवाओं और मजबूत ब्रांड उपस्थिति के माध्यम से समुदाय का विश्वास जीतना और अपने हितधारकों के साथ संबंधों को मजबूत करना है। इस पहल के तहत, तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए ऑन-साइट वेलनेस सेवाएं, न्युवोको कैप्टन द्वारा सहायता, बच्चों और बुजुर्गों के लिए आइडेंटिफिकेशन बैंड, और 10,000 से अधिक न्युवोको सारथी किटों का वितरण शामिल है। न्युवोको विस्टास झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात और अन्य राज्यों के तीर्थयात्रियों से जुड़ने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस प्रयास का उद्देश्य समागम में सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना है।

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने 15 नई बैंकिंग आउटलेट्स का किया उद्घाटन

Utkarsh Small Finance Bank
Aapki Ummeed Ka Khaata

- 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले 1043 बैंकिंग आउटलेट्स के मजबूत नेटवर्क के साथ।
- अपनी 8वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भारत भर में 15 नए बैंकिंग आउटलेट्स का शुभारंभ किया। जिससे वंचित समुदायों के लिए वित्तीय सेवाओं तक पहुंच में सुधार हुआ।
- नवाचारी बैंकिंग समाधानों के साथ लाखों लोगों को सशक्त बनाना और डिजिटल तथा भौतिक उपस्थिति का लगातार विस्तार।

एजेंसी

**मुंबई।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड गर्व के साथ अपनी 8वीं वर्षगांठ मना रहा है, जो इसके विकास और वित्तीय समावेशन के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है। 2017 में अपनी शुरूआत से लेकर, बैंक ने भारत भर में 1043 बैंकिंग आउटलेट्स के नेटवर्क के रूप में अपना विस्तार किया है। इस अद्वितीय यात्रा की सराहना करते हुए, बैंक अपनी वर्षगांठ के अवसर पर कई नई बैंकिंग आउटलेट्स का उद्घाटन कर रहा है, जो इसके परिवर्तनकारी बैंकिंग सेवाओं को और अधिक समुदायों तक पहुंचाएगा। निम्नलिखित स्थानों पर नए आउटलेट्स उद्घाटित किए गए हैं: विस्तार पर टिप्पणी करते हुए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा, हमारी 8वीं वर्षगांठ हमारे निरंतर विकास और सेवा उत्कृष्टता की खोज में एक गौरवपूर्ण क्षण है। 1043 बैंकिंग आउटलेट्स के साथ देश भर में एक अमिट छाप छोड़ने की हमारी यात्रा में, हमें अपने ग्राहकों का अटूट विश्वास और समर्थन प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है, जिसने हमें देश के अग्रणी स्मॉल फाइनेंस बैंक में से एक बनने में सक्षम बनाया है। हमारी 8वीं वर्षगांठ के इस दिन 15 नए आउटलेट्स का शुभारंभ, जिसमें सिक्किम राज्य में हमारा पहला आउटलेट भी शामिल है, जो अब हमें 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए, भारत भर में समुदायों की सेवा करने के हमारे समर्पण को और मजबूत करता है। सुलभ और अभिनव बैंकिंग समाधान प्रदान करके, हम वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और उन क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां हम सेवा प्रदान कर रहे हैं। बैंक अपने ग्राहकों को वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने की स्थिति में है।

### केनरा बैंक को तीसरी तिमाही में 4,104 करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 दिसंबर को समाप्त अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बैंक का एकल शुद्ध लाभ 12.25 फीसदी बढ़कर 4,104 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में बैंक का मुनाफा 3,656 करोड़ रुपये रहा था। केनरा बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को चालू वित्त वर्ष 2024-25 की (अक्टूबर-दिसंबर) तीसरी तिमाही में मुनाफा 12.25 फीसदी बढ़कर 4,104 करोड़ रुपये होने की जानकारी दी है। बैंक के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में बैंक का मुनाफा 3,656 करोड़ रुपये रहा था।

## इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में ऐतिहासिक वृद्धि

एजेंसी

**नई दिल्ली।** 2024 में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स ने निवेश प्रवाह में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की है। निवेश प्रवाह में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज करते हुए एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया ने बताया कि इक्विटी और इक्विटी-ओरिएंटेड योजनाओं में कुल निवेश 3.9 लाख करोड़ रुपए हुआ, जो 2023 के 1.6 लाख करोड़ रुपए से दोगुना बढ़कर अधिक है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह वृद्धि निवेशकों के बढ़ते विश्वास और दीर्घकालिक निवेश की ओर इशारा करती है। हालांकि, इस शानदार प्रदर्शन के बावजूद 2025 के लिए बाजार में सतर्कता का माहौल देखा जा रहा है। जर्मिनेट इन्वेस्टर सर्विसेज के सह-संस्थापक और सीईओ संतोष जोसेफ ने दिसंबर में इक्विटी फंड प्रवाह में कमी का संकेत दिया है, जिसे बाजार में बढ़ती अस्थिरता के कारण देखा जा रहा है। जोसेफ ने कहा कि इतिहास गवाह है कि इक्विटी फंड्स में निवेश प्रवाह बाजार के प्रदर्शन से गहराई से जुड़ा होता है। जब बाजार में अनिश्चितता रहती है, तो निवेशक गतिविधि धीमी हो जाती है। उन्होंने इस प्रवृत्ति का कारण बाजार में बढ़ती अस्थिरता बताया और जोड़ा कि 2025 में नए फंड लॉन्च और इक्विटी फंड जुटाव में कमी देखने का संकेत मिल सकता है। इसके बावजूद दीर्घकालिक निवेशकों के लिए स्थिति उत्साहजनक है और विशेषज्ञों का मानना है कि जो बाजार में बने रहते हैं।

# ओडिशा वॉरियर्स ने सूरमा को हराकर महिला हॉकी लीग खिताब जीता

एजेंसी

**रांची ।** ऋतुजा डाडासो पिसाल के शानदार प्रदर्शन से झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को खेले गये महिला हॉकी लीग के खिताबी मुकाबले में ओडिशा वॉरियर्स ने जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 2-1 से हरा दिया। इस प्रकार इस लीग का पहला खिताब जीतने का अवसर ओडिशा वॉरियर्स टीम को मिला है। ओडिशा वॉरियर्स की ओर से ऋतुजा ने मैच के 20वें और 56वें मिनट में दो गोल दागे। वहीं ऋतुजा के पहले गोल के बाद जेएसडब्ल्यू सूरमा की ओर से पेनी साकिब ने 28वें मिनट में एक गोल कर मुकाबला 1-1 से बराबरी पर ला दिया। अंतिम मिनट में ऋतुजा ने एक और गोल कर अपनी टीम को जीत दिला दी।



इस मैच में दोनो ही टीमों से शुरूआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। वॉरियर्स की फ्रीके मूस ने शुरूआत में ही गोल का प्रयास किया पर सूरमा की रक्षापंक्त ने उसे नाकाम कर दिया। इसके बाद से ही । दोनों टीमें लगातार प्रयास करती रहीं। पहला क्वार्टर गोलरहित रहा। दूसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमें संघर्ष करती रहीं। कुछ देर बाद ही वॉरियर्स ने पहला गोल कर बढ़त हासिल कर ली। ये गोल ऋतुजा ने किया पर ये बढ़त अधि देर तक नहीं रह सकी, कछ ही मिनट बाद पेनी साकिब ने एक गोल कर स्कोर बराबरी पर ला दिया। हाफ टाइम तक स्कोर 1-1 से बराबर था। तीसरे क्वार्टर में दोनों ही ही टीमों ने गोल करने के काफी प्रयास किये पर सफल नहीं रहीं। वहीं अंतिम क्वार्टर में वॉरियर्स को पेनल्टी कॉर्नर मिला पर वह उसे गोल में बदल नहीं पायी। इसके बाद ऋतुजा ने एक गोल दागकर अपनी टीम को 2-1 से जीत दिला दी।

## एसए 20 लीग में जॉबर्ग सुपर किंग्स ने सनराइजर्स को 9 विकेट से हराया

एजेंसी

**जोहान्सबर्ग ।** यहां खेली जा रही एसए20 क्रिकेट लीग में जॉबर्ग सुपर किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स ईस्टर्न केप को नौ विकेट से हरा दिया। जॉबर्ग सुपर किंग्स की जीत में तेज गेंदबाज लुथो सिपामला और हार्डस विल्जोएन की अहम भूमिका रही। इन दोनो के सामने सनराइजर्स ईस्टर्न केप के बल्लेबाज टिक नहीं पाये। इस मैच में जॉबर्ग सुपर किंग्स की ओर से सिपामला ने 13 रन देकर तीन विकेट लिए। सिपामला ने बल्लेबाज जैक क्रॉली को स्लिप में कैच कराया। इसके अलावा टॉम एबेल को भी बोल्ड किया। इस तरह सनराइजर्स की टीम ने बिना कोई रन बनाये दो विकेट खो दिये। इसके बाद जॉर्डन हरमैन और एडन



मार्करम के आउट होने से सनराइजर्स टीम की मुश्किलें बढ़ गयीं। इसके बाद डेविड बेडिंगम 48 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 37 रन बनाये पर इनके आउट होते ही टीम ढ़ह गयी। हार्डस विल्जोएन ने 24 रनों में चार खिलाड़ियों को आउट कर सनराइजर्स टीम को 118 रन पर ही आउट कर दिया। जॉबर्ग सुपर किंग्स की ओर से बल्लेबाजी करते हुए डेवोन कॉन्वे ने नाबाद 76 नाबाद और विहान लुब्बे ने नाबाद 25 रन बनाकर अपनी टीम को छह ओवर पहले ही लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

## खास खबर

### शिवम दुबे की भारतीय टीम में वापसी संभव

**मुंबई ।** इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारतीय टीम को बड़ा झटका लग सकता है क्योंकि उभरते हरफनमौला खिलाड़ी नीतीश कुमार रेड्डी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण शेष मैचों से बाहर हो सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, रेड्डी को कम से कम चार सप्ताह के आराम और रिहैबिलिटेशन की जरूरत है, जिससे उनकी वापसी अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान ही संभव होगी। रेड्डी की अनुपस्थिति में, 31 वर्षीय शिवम दुबे को भारतीय टीम में बुलाए जाने की संभावना है। दुबे 28 जनवरी को राजकोट में खेले जाने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले टीम में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने पिछली बार जुलाई 2023 में श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था, लेकिन पीठ की चोट के कारण उन्हें टीम से बाहर होना पड़ा था।

### अर्शदीप पूरे कर सकते हैं अपने 100 विकेट

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के पास अब मंगलवार को राजकोट में होने वाले तीसरे टी20 मैच में अपने 100 विकेट पूरे करने का अच्छा मौका होगा। अर्शदीप के नाम अभी तक 99 विकेट हैं इस प्रकार उन्हें अपने विकेटों का शतक पूरा करने केवल एक विकेट की जरुरत है। भारतीय टीम अभी इस सीरीज में 2-0 से आगे है। दूसरे टी20 में भारतीय टीम की जीत मे अर्शदीप सिंह की अहम भूमिका रही। इस मैच में उन्होंने 4 ओवर में 17 रन देकर 2 विकेट लिए थे। अर्शदीप अगर तीसरे टी20 में अपने 100 विकेट पूरे कर लेते हैं तो ये उपलब्धि हासिल करने वाले पहले गेंदबाज बन जाएंगे। अर्शदीप ने अब तक टी20 फॉर्मेट के 62 मैचों में 99 बल्लेबाजों को आउट किया है। इस तरह अर्शदीप टी20 प्रारुप में 100 विकेट से केवल 3 विकेट ही दूसर हैं। इस प्रारुप में अर्शदीप का सबसे बेहतर औसत 9 रन देकर 4 विकेट लेना रहा है। उन्होंने 2 बार मैच में 4 विकेट लिए हैं। अब देखना होगा की क्या अर्शदीप के तीसरे मुकाबले में 100 विकेट पूरे होते हैं या नहीं।

### एथलीट सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और राष्ट्रीय खेल आयोजन समिति (एनजीओसी) ने उत्तराखंड में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेल-2025 के दौरान एथलीटों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष सुरक्षा टेलीफोन हेल्पलाइन की स्थापना की है। इस पहल का उद्देश्य खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अधिकारियों के लिए एक सुरक्षित और समावेशी वातावरण तैयार करना है। आईओए की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने कहा, यह हेल्पलाइन खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी। यह खेलों के दौरान उत्पीड़न, दुर्व्यवहार और अन्य प्रतिकूल घटनाओं को रोकने और हल करने में मदद करेगी। डॉ. उषा ने बताया कि इस पहल के तहत एक सुरक्षा समिति भी गठित की गई है। समिति की अध्यक्षता नीतल नारंग और दीपा मेहता कर रही हैं।

# देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों का आगाज आज से

एजेंसी

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में 28 जनवरी से 38वें राष्ट्रीय खेलों की शुरूआत होगी। देश भर से लगभग 10 हजार से अधिक खिलाड़ियों के इन खेलों में भाग लेने की उम्मीद है। 26 जनवरी को ट्रायथलॉन प्रतियोगिता के साथ हल्द्वानी में इन खेलों का आगाज होगा।

शनिवार को खिलाड़ियों का पहला जत्था हल्द्वानी पहुंचा, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। खेल मंत्री रेखा आर्य ने व्यक्तिगत रूप से खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा, मैं देवभूमि उत्तराखंड की धरती पर विभिन्न राज्यों की टीमों का हार्दिक स्वागत करती हूं। सभी खिलाड़ियों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं। हमने उनके स्वागत, परिवहन, आवास और भोजन के लिए आवश्यक सभी प्रबंध किए हैं इस बार 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार, हल्द्वानी और रुद्रपुर जैसे प्रमुख शहरों में किया जा रहा है। खेलों का भव्य उद्घाटन समारोह 28 जनवरी को देहरादून के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर खेलों की शुरूआत करेंगे। उत्तराखंड इस साल अपनी स्थापना का 25वां रजत जयंती वर्ष मना रहा है, जिससे इन खेलों का महत्व और भी बढ़ जाता है।



राज्य न केवल विश्व स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं पेश कर रहा है, बल्कि अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी उजागर करेगा। इस आयोजन के माध्यम से खेल भावना को बढ़ावा देने के साथ-साथ उत्तराखंड के पर्यटन और स्थानीय संस्कृति को भी प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। राज्य सरकार और स्थानीय जनता खिलाड़ियों के स्वागत और उनकी मेजबानी में पूरी तरह जुटी हुई है।

# 13 साल बाद रणजी ट्रॉफी खेलने उतारेंगे विराट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली अगले हफ्ते अरुण जेटली स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी में वापसी करने वाले है। दिल्ली की टीम अपने आखिरी ग्रुप मैच में रेलवे से भिड़ना है। कोहली 13 साल बाद घरेलू क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने नवंबर 2012 में गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश के खिलाफ आखिरी रणजी मैच खेला था। यह वापसी बीसीसीआई के नए नियमों के तहत हो रही है, जिसमे सभी भारतीय खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलना जरूरी है। डीडीसीए ने कोहली की वापसी के लिए खास इंतजाम किए हैं। स्टेडियम में सुरक्षा बढ़ाई गई है और करीब 10,000 दर्शकों के लिए जगह बनाई जा रही है। नॉर्थ एंड और ओल्ड क्लब हाउस दर्शकों के लिए खोले जाएंगे। जरुरत पड़ने पर बाकी स्टैंड के ग्राउंड फ्लोर पर भी दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। डीडीसीए ने घोषणा की है कि इस मैच के लिए कोई टिकट नहीं जारी किया जाएगा। सभी दर्शक मुफ्त में मैच देख सकते है।



# रांची ने लोहरदगा को 7 विकेट से हराया

एजेंसी

**धनबाद।** धनबाद में आयोजित जेसीसीए इंटर जिला डिस्ट्रिक्ट 19 क्रिकेट टूनामेंट एलीट ग्रुप आज रांची ने अपने पहले मुकाबले में लोहरदगा को 7 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लोहरदगा ने 37.4 ओवरों में सभी विकेट खोकर 151 रन बनाए लक्ष्य कौशिक ने 52 हिमांशु रंजन ने 20 रन का योगदान दिया रांची की तरफ से अनमोल राज ने 3 ईशान ओम और प्रशांत सुमन ने 2-2 विकेट लिए जवाब में रांची की टीम ने 27.1 ओवर 3 विकेट खोकर 154 रन बना लिए अमन कुमार ने 63 लावण्या ने नाबाद 42 और वत्सल तिवारी ने 30 रन की पारी खेली लोहरदगा के लिए तुषार ने 2 विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अमन कुमार और अनमोल राज को संयुक्त रूप से दिया गया।




## आशा भोसले की पोती जनाई को बहन मानते हैं सिराज

**मुम्बई ।** बॉलीवुड गायिका आशा भोसले की पोती जनाई भोसले की हाल में कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर छायी हुई थीं। इन्हीं में से कुछ तस्वीरों में क्रिकेटर मोहम्मद सिराज भी दिखे थे। जिसके बाद से ही प्रशंसकों को लगा था कि ये दोनो डेट कर रहे हैं। वहीं इसी को लेकर सिराज का कहना है कि ऐसी कोई बात नहीं हैं और जनाई मेरी बहन की तरह है। सिराज ने सोशल मीडिया पर आशा भोसले की पोती जनाई के साथ अपनी तस्वीर साझा करते हुए एक लिखा , मेरी बहना के जैसी कोई बहना नहीं। बिना इसके कहीं भी मुझे रहना नहीं। जैसा है चांद सितारों में, मेरी बहना है एक हजारों में। सिराज की इस पोस्ट को जनाई ने भी रीशेयर किया है। वो इस स्टोरी को अपनी स्टोरी में री शेयर करते हुए लिखती हैं, मेरे प्यारे भाई।

# चैंपियनशिप के लिए हॉकी झारखंड का चयन ट्रायल

एजेंसी

**रांची।** 01 मार्च से 12 मार्च 2025 तक पंचकुला हरियाणा में आयोजित 15वां हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025, में झारखण्ड हॉकी टीम के भागीदारी हेतु झारखंड के हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल सोमवार को सुबह 10.30 बजे से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी, राँची में आयोजित हुई। इस चयन ट्रायल में झारखंड के सिमडेगा,खूंटी, रांची, रेलवे, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के हॉकी खिलाड़ी भाग लिए। इस चयन ट्रायल से झारखंड के विशेष शिविर के लिए निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका सोरेंग, रोपनी कुमारी, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा ध्यान, सोनल मिंज,नीरू कुल्लू, संजना होरो, निराली कुजूर, महिला टेटे, रश्मि होरो, रेशमा सोरेंग,रीमा बखला, सम्मी बड़ा, दिप्ती कुल्लू दीप्ति टोप्पो , प्रिया डुंगडुंग, प्रमोदानी लकड़ा एडलीन बागे,निक्की कुल्लू, एलिन डुंगडुंग, अंकिता डुंगडुंग, सालोमो कमडूलना, अलबेला रानी टोप्पो, अमृता मिंज, शुशोला कुजूर, रीना कुमारी, अनिमा कांडूलना चयनित किए गए है जिनका विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर बेस्ट 18 खिलाड़ियों नेशनल चैंपियनशिप 2025 में झारखंड टीम के लिए चयनित किया गया। चयन ट्रायल में मुख्य रूप से हॉकी झारखंड महासचिव विजय शंकर सिंह, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी असुंता लकड़ा, असरिता लकड़ा, मनोज कोणबेगी, रजनीश कुमार,जयंत केर-केट्टा,गुरमीत सिंह राव, उपस्थित थे।



# वुशु टीम का प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न, खिलाड़ी देरादून रवाना

एजेंसी

**रांची।** मेगा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स मे खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग के सहयोग से आयोजित वुशु प्रशिक्षण शिविर सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गयी. इस शिविर का आयोजन खेल कूद निदेशालय के सहयोग से 6 जनवरी से किया जा रहा था. इस शिविर मे वुशु के चयनित 38 खिलाड़ी भाग ले रहें थे. शिविर मे उन्हें झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के कोच शैलेन्द्र दुबे और दीपक गोप के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया. झारखण्ड वुशु खिलाडी कल रांची रेलवे स्टेशन से देहरादून के लिए रवाना हो गए . इसकी जानकारी देते हुये झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के चेयरमैन चंचल भट्टाचार्य ने बताया की वुशु दल आज दिल्ली पहुंचेगी और फिर वन्दे भारत ट्रेन से देहरादून के लिए रवाना होंगी. वुशु इवेंट 29 जनवरी से प्रारम्भ होंगे. झारखण्ड से अभी तक ट्राईथलॉन और हैंडबॉल दल रवाना हो चुका हैं और आज वुशु का 24 सदस्यों वाला दल रवाना होगा. झारखण्ड के इन विभिन्न खेलो के खिलाड़ियों की सफलता हेतु निदेशक खेल संदीप कुमार (आईएएस )आर के आनंद (प्रेसिडेंट झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन )डॉ मधुकांत पाठक (महासचिव झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन ) प्रदीप कुमार वर्मा, सहित शेखर बोस, राजकिशोर खाखा, राजेश कुमार, एस के पांडे, सी डी सिंह, मणिकांत कुमार, डॉ कविता सिंह,प्रियदर्शी अमर, शैलेन्द्र कुमार, मनोज साहू,मनोज महतो,शशिकांत पांडे, गोकुलानंद मिश्रा, आशीष गोप, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी,अमाशी बारला,शिवेंद्र नाथ दुबे आदि ने अपनी शुभकामनायें प्रेषित की हैं। इसके साथ साथ दल के फिजियो के रूप मे नितीश कुमार निशांत भी जायेंगे जो देहरादून मे आयोजित हो रहें विभिन्न प्रतियोगिताओ मे फिजियो का दायित्व वहन करेंगे।



# गणतंत्र दिवस पर कराटे खिलाड़ी हुए सम्मानित

एजेंसी

**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तत्वाधान में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर कराटे खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन बहु बाजार स्थित बिशप स्कूल में किया गया जिसमें जिसमें वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय ओपन कराटे प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ी राकेश तिर्की आदित्य राज मिस्टी कुमारी को सम्मानित किये गए । कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राईबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमिश्न के चेरमैन सह ईस्ट इंडिया कराटे एसोसिएशन के संयुक्त सचिव शिहान सुनील किस्पोट्टा ने सभी खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही पिछले दिनों कराटे ग्रेडिंग में सफल रहे 80 कराटे खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के अध्यक्ष सेंसई अनिल किस्पोट्टा ने बेल्ट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा की प्रतिभा की कमी नहीं है राज्य के कराटे खिलाड़ियों में बस जरूरत है उसे निखारने की। राज्य के कराटे खिलाड़ी अब राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी परचम लहरा रहे हैं। इस अवसर पर उमाशंकर महतो, स्वस्तिक तरफदार स्कूल के शिक्षक खेल प्रेमी एवं अभिभावक गण उपस्थित थे।



# इंग्लैंड को हराकर सीरीज अपने नाम करने उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी

**राजकोट ।** पहले दो टी20 मैचों में जीत से उत्साहित भारतीय टीम मंगलवार को यहां मेहमान टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 में भी जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम पांच मैचों की इस सीरीज में 2-0 से आगे है। उसका लक्ष्य तीसरा मैच जीतकर सीरीज अपने नाम करना रहेगा। अब तक हुए दोनो ही मुकाबलों में भारतीय टीम हावी रही है। भारतीय टीम ने पहला मैच 7 विकेट जबकि दूसरा 2 विकेट से जीता था। वहीं दूसरी और मेहमान टीम भी इस मैच को किसी भी हाल में जीतकर सीरीज में वापसी करना चाहेगी हालांकि इसके लिए उसे बल्लेबाजी ओर गेंदबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इस मैच में पिच बल्लेबाजों के अनुरुपस है। यहां पर बल्लेबाजों को ज्यादा सहायता मिलती है। अच्छी पेस और उछाल होने की वजह से गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आती है। यहां पर बड़े स्कोर वाला मैच होने की संभावना है। अब तक इस मैदान पर कुल पांच टी20 मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जबकि दो बार दूसरी बार बल्लेबाली करने वाली टीम ने जीते हैं। यहां पर टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने को देख सकती हैं, इससे यह फायदा होगा कि पहले बल्लेबाजी करके टीम अच्छा स्कोर खड़ा कर सकती है और विरोधी टीम पर रनों का दबाव डाल सकती है। बता दें कि खेल जैसे-जैसे आगे बढ़ता है पिच बल्लेबाजों के लिए थोड़ी कठिन होती जाती है। पहली पारी की तुलना में यहां दूसरी पारी में रन बनाना इतना आसान नहीं है।




### दोनो ही टीमें इस प्रकार

भारत-सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल (उपकप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, मोहम्मद शमी , अर्शदीप सिंह, अभिषेक शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, तिलक वर्मा, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, शिवम दुबे, रमनदीप सिंह, हर्षित राणा।

इंग्लैंड- जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, फिल साल्ट (विकेटकीपर), लियाम लिविंगस्टोन, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, बेन डकेट, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड, ब्रायडन कार्स, गस एटकिंसन, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), आदिल राशिद , जैकब बेथेल।

भारतीय टीम की ओर से पहले टी20 में अभिषेक शर्मा जबकि दूसरे टी20 में तिलक वर्मा ने शानदार बल्लेबाजी की थी। अब इन दोनो का ही लक्ष्य इसी प्रदर्शन को बनाये रखना रहेगा। वहीं इंग्लैंड की बात करें तो अब तक दोनों टी-20 मुकाबलों में कप्तान जोस बटलर को छोड़कर अन्य बल्लेबाज विफल रहे हैं। ऐसे में तीसरे मुकाबले में अन्य खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। गेंदबाजी की बात करें तो जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड अच्छी लय में थे पीर हालांकि, अन्य गेंदबाजों को उनका साथ देना होगा।



जकार्ता में इंडोनेशियाई मास्टर्स बैडमिंटन में विजेता दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी किम हेयी जियांग और कोंग ही योंग रनर अप व अन्य खिलाड़ियों के साथ पोज देती हुई।

# श्रीकृष्ण के श्राप से आज भी धरती पर भटक रहा महाभारत का यह वीर योद्धा, क्रोध ने कर दिया था सबकुछ बर्बाद

**जब अश्वत्थामा को पता चला कि उसके पिता को धोखे से मारा गया है तो वह क्रोध से भर गया। उसने अपने सबसे शक्तिशाली व दिव्य अस्त्रों में से एक नारायणास्त्र का प्रयोग किया, जो पूरे युद्ध को एक बार में ही समाप्त कर सकता था। मगर, श्रीकृष्ण ने चतुराई से पांडव सेना को लेटकर आत्मसमर्पण करने की सलाह दी, ताकि नारायणास्त्र का प्रभाव बेअसर हो जाए।**


अश्वत्थामा महाभारत के सबसे आकर्षक पात्रों में से एक है। महान योद्धा-शिक्षक द्रोणाचार्य के पुत्र के रूप में उनका जीवन संघर्षों और अंत में एक दुखद नियति का मिश्रण था। ऐसा माना जाता है कि अश्वत्थामा अमर है और आज भी वह जंगलों में भटक रहे हैं। चलिए आपको बताते हैं कि अश्वत्थामा कौन है और वह भारतीय पौराणिक कथाओं में इतना दिलचस्प व्यक्ति क्यों बना हुआ है।

**जादुई मणि के साथ पैदा हुए थे अश्वत्थामा**

अश्वत्थामा पांडवों-कौरवों के गुरु द्रोणाचार्य और कृपी के पुत्र थे। द्रोणाचार्य ने भगवान शिव के कई वर्षों के ध्यान और प्रार्थना के बाद अश्वत्थामा को प्राप्त किया था। अश्वत्थामा कोई साधारण बच्चा नहीं था। वह अपने माथे पर एक मणि के साथ पैदा हुआ था, जो उसे भूख, प्यास, बीमारी और हथियारों से बचाया करती थी। हालांकि इसके बावजूद अश्वत्थामा का बचपन आसान नहीं था।

**दुर्योधन से थी पक्की दोस्ती**

उनका परिवार गरीब था। अपनी स्थिति से परेशान द्रोणाचार्य अपने पुराने मित्र राजा द्रुपद से मदद मांगने पहुंचे, लेकिन उन्होंने गुरु का अपमान किया। इसके बाद द्रोणाचार्य हस्तिनापुर के शाही बच्चों, पांडवों और कौरवों का शिक्षक बन गया। उसने अश्वत्थामा को युद्ध कौशल भी सिखाया, जिससे वह बेहद कुशल योद्धा बना। इस बीच, बड़े होते हुए



अश्वत्थामा ने कौरवों में सबसे बड़े दुर्योधन के साथ मजबूत रिश्ता बनाया। एक बार, दुर्योधन ने अश्वत्थामा को बढ़िया घोड़ा उपहार में दिया, जो उनकी वफादारी का प्रतीक भी था।

महाभारत युद्ध से पहले द्रोणाचार्य ने वर्षों पहले द्रुपद द्वारा किए गए अपमान का बदला लेने की कोशिश की। उन्होंने अपने छात्रों से गुरु दक्षिणा में द्रुपद को बंदी बनाने के लिए कहा, जिसमें पांडव सफल रहे। द्रोणाचार्य ने द्रुपद के राज्य को विभाजित कर दिया। इसके बाद अश्वत्थामा को इसके उत्तरी भाग का राजा बनाया गया।

**महाभारत में अश्वत्थामा को मिला अमरता का श्राप**

पुराणों अनुसार, अश्वत्थामा ने युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी। 10वें दिन भीष्म के मारे जाने के बाद उनके पिता कौरव सेना के सेनापति बने। हालांकि द्रोण एक शानदार रणनीतिकार थे, लेकिन वे दुर्योधन से किए वादे के अनुसार युधिष्ठिर को नहीं पकड़ पाए। इससे दुर्योधन निराश हो गया और द्रोण व अश्वत्थामा दोनों के साथ उसके रिश्ते खराब हो गए। श्रीकृष्ण की मदद से पांडवों ने द्रोण को यह विश्वास दिलाया कि अश्वत्थामा मर चुका है। इससे दुखी होकर, द्रोण ने अपने हथियार त्याग दिए और धृष्टद्युम्न द्वारा मारे गए।

**जब अश्वत्थामा ने चलाया नारायणास्त्र**

जब अश्वत्थामा को पता चला कि उसके पिता को धोखे से मारा गया है तो वह क्रोध से भर गया। उसने अपने सबसे शक्तिशाली व दिव्य अस्त्रों में से एक नारायणास्त्र का प्रयोग किया, जो पूरे युद्ध को एक बार में ही समाप्त कर सकता था। मगर, श्रीकृष्ण ने चतुराई से पांडव सेना को लेटकर आत्मसमर्पण करने की सलाह दी, ताकि नारायणास्त्र का प्रभाव बेअसर हो जाए। फिर उसने एक और शक्तिशाली अस्त्र अग्नियास्त्र का भी इस्तेमाल किया, लेकिन अर्जुन के वरुणास्त्र ने इसका जवाब दिया। दुर्योधन की मृत्यु के बाद, अश्वत्थामा ने बदला लेने की कसम खाई। उसने कृपा और कृतवर्मा के साथ मिलकर रात में पांडव शिविर पर हमला किया। अंध क्रोध में उसने धृष्टद्युम्न और द्रौपदी के पांच पुत्रों को पांडव समझकर मार डाला।

**श्रीकृष्ण ने दिया श्राप**

पांडवों को इस बात का पता चला तो उन्होंने ब्रह्मशिरा अस्त्र का इस्तेमाल करने की कोशिश की, लेकिन ऋषि व्यास ने युद्ध रोक दिया। इसके बाद अश्वत्थामा को हथियार वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा, लेकिन उसके पापों की सजा के रूप में श्रीकृष्ण ने उसे श्राप दे दिया। उसकी मणि निकाल ली गई और उसे अनंत काल तक अपने कर्मों का दर्द सहते हुए पृथ्वी पर भटकने का श्राप दिया गया।

आज भी कई लोग मानते हैं कि अश्वत्थामा अभी भी जीवित हैं और श्रीकृष्ण के श्राप के कारण पृथ्वी पर भटक रहे हैं। उनकी यह कहानी इस बात की याद दिलाती है कि कैसे क्रोध और गलत विकल्प सबसे शक्तिशाली जीवन को भी बर्बाद कर सकते हैं।

# बसंत पंचमी पर किया जाएगा महाकुंभ का तीसरा अमृत स्नान स्नान -दान का सबसे शुभ मुहूर्त




**महाकुंभ में अमृत स्नान का विशेष महत्व माना गया है। मान्यताओं के अनुसार, महाकुंभ के दौरान अमृत स्नान करने से सभी पापों का नाश हो जाता है। बसंत पंचमी हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है जो विद्या की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। इस साल, यह पर्व महाकुंभ के साथ संयोग कर रहा है, जिसके कारण इसका महत्व और बढ़ गया है।**

तीर्थराज प्रयाग में भव्य और दिव्य महाकुंभ चल रहा है। इस महाकुंभ में साधु संतों और श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आ रही है। साधु संतों के साथ-साथ श्रद्धालु भी अमृत स्नान कर रहे हैं। महाकुंभ में 14 जनवरी को मकर संक्रांति का पहला अमृत स्नान हो चुका है। ये पहला अमृत स्नान था। दूसरा अमृत स्नान 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर किया जाएगा।

**कब होगा तीसरा अमृत स्नान?**

अब हम आपको महाकुंभ में होने वाले तीसरे अमृत स्नान के बारे में बताने जा रहे हैं। महाकुंभ में तीसरा अमृत स्नान बसंत पंचमी पर किया जाएगा। आइए जानते हैं बसंत पंचमी कब है। साथ ही बसंत पंचमी पर अमृत स्नान का शुभ मुहूर्त क्या है?

**बसंत पंचमी कब?**

बसंत पंचमी माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाती है। पंचांग के अनुसार, इस बार माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 2 फरवरी को सुबह 9 बजकर 16 मिनट से शुरू होगी। इस तिथि का समापन 3 फरवरी को सुबह 6 बजकर 54 मिनट तक हो जाएगा। ऐसे में बसंत पंचमी 2 फरवरी को मनाई जाएगी। इसी दिन इसका उपवास रखा जाएगा।

**बसंत पंचमी का स्नान मुहूर्त**

हालांकि बसंत पंचमी का जो अमृत स्नान है वो 3 फरवरी को किया जाएगा। इस दिन स्नान का ब्रह्म मुहूर्त 5 बजकर 23 मिनट पर शुरू हो जाएगा। वहीं इस मुहूर्त का समापन भी 6 बजकर 16 मिनट पर हो जाएगा। ऐसे में इस शुभ मुहूर्त में अमृत स्नान करने पर शुभ फलों की प्राप्ति की जा सकती है। महाकुंभ में अमृत स्नान को पवित्र और पुण्यदायी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन पवित्र नदी में स्नान करने से सभी पाप धुल जाते हैं और मन को शांति मिलती है। विशेषकर बसंत पंचमी के दिन स्नान करने का महत्व और अधिक है क्योंकि यह दिन ज्ञान और बुद्धि का प्रतीक माना जाता है।

**बसंत पंचमी का महत्व**

बसंत पंचमी का दिन ज्ञान, विद्या, और संगीत की देवी मां सरस्वती को समर्पित किया गया है। हिंदू धार्मिक शास्त्रों के अनुसार, बसंत पंचमी के दिन ही मां सरस्वती प्रकट हुई थीं। बसंत पचंमी मां के जन्मदिवस के रूप में मनाई जाती है। बसंत पंचमी पर मां सरस्वति की विधि -पूर्वक पूजा की जाती है। बसंत पंचमी पर व्रत भी किया जाता है। हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बसंत पंचमी पर मां सरस्वति के व्रत और पूजन से ज्ञान, कला, और संगीत के क्षेत्र में अपार सफलता मिलती है।

**बसंत पंचमी पर अमृत स्नान का महत्व**

महाकुंभ में अमृत स्नान बहुत ही विशेष माने जाते हैं, क्योंकि अमृत स्नान की तिथियां ग्रहों और नक्षत्रों की चाल देखकर तय की जाती हैं। वहीं बसंत पंचमी पर अमृत स्नान करने से मां सरस्वति का आशीर्वाद प्राप्त होता है। जीवन में सुख-समृद्धि और शांति का आगमन होता है। साथ ही सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है।

**महाकुंभ 2025 शाही स्नान तिथियां**

पौष पूर्णिमा 13 जनवरी 2025 के दिन पहला शाही स्नान होगा।

मकर संक्रांति 14 जनवरी 2025 के दिन दूसरा अमृत स्नान होगा।

मौनी अमावस्या 29 जनवरी 2025 के दिन तीसरा अमृत स्नान होगा।

बसंत पंचमी 3 फरवरी 2025 के दिन चौथा अमृत स्नान होगा।

माघ पूर्णिमा 12 फरवरी 2025 के दिन पांचवा शाही स्नान होगा।

महाशिवरात्रि 26 फरवरी 2025 के दिन आखिरी शाही स्नान होगा।

# महाकुंभ से लाए गंगाजल को घर की इस दिशा में रखें, नकारात्मक शक्तियां भाग जाएंगी दूर

**महाकुंभ में लाखों श्रद्धालु शाही स्नान के लिए संगम नगरी पहुंच रहे हैं। संगम नगरी से कई श्रद्धालु गंगाजल भी घर ला रहे हैं। आज हम आपको बताएंगे, इस जल को घर में कहां रखें। इसका उपयोग कहां-कहां करें। साथ ही ये भी जानेंगे कि महाकुंभ से और क्या-क्या चीजें घर जरूर लानी चाहिए।**

प्रयागराज में महाकुंभ में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा हुआ है। रोजाना लाखों श्रद्धालु संगम में शाही स्नान के लिए दूर-दूर से आ रहे हैं। श्रद्धालु महाकुंभ से जल भी घरों में लेकर जरूर जा रहे हैं। महाकुम्भ का जल भी अमृत के समान माना जाता है। लेकिन इस शाही जल को घर में कहां रखना चाहिए और कैसे रखना चाहिए इसके बारे में चलिए जानते हैं।



घर में हर स्थान पवित्र नहीं होता, जहां आप ये जल सुविधाजनक तरीके से कहीं भी रख दें। इस जल का प्रभाव इतना ज्यादा होता है कि इसे घर में सही स्थान पर रखने से घर की सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है और घर में शांति और समृद्धि का वास होता है। इसलिए, इस जल को रखने के लिए शास्त्रों में कुछ नियम बताये गए हैं।

**कहां रखें अमृत समान महाकुंभ के जल को**

जल को घर के पूजा स्थान में रखें। इसे किसी तांबे, चांदी, या पीतल के पात्र में रखें। यदि घर में पहले से गंगाजल है, तो महाकुंभ का जल उसी पात्र में मिलाकर रखें। इसे हमेशा ढंककर रखें ताकि उसकी पवित्रता बनी रहे। जल को घर के उस स्थान पर रखें जहां सकारात्मक ऊर्जा हो और सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता हो। इसके अलावा इस जल को घर के उत्तर या पूर्वी दिशा में रखा जा सकता है। इसे कभी भी बाथरूम या अशुद्ध स्थानों के पास न रखें। जल का पात्र खुला न रखें।

**महाकुंभ के जल का उपयोग कहां करें**

महाकुम्भ के जल का उपयोग नियमित रूप से पूजा के समय करें। इसके अलावा घर में शुद्धि के लिए इसका घर में छिड़काव करें, जिससे घर का वातावरण शुद्ध और पवित्र होता है। इसे शुभ अवसरों पर इस्तेमाल करें। समय-समय पर जल को देखने और उसके पात्र की सफाई करने का ध्यान रखें।

**और क्या-क्या लाएं महाकुंभ से**

महाकुंभ की पवित्र मिट्टी भी आप घर ले आएं। यह बहुत शुभ माना जाता है। संगम की पवित्र मिट्टी को घर के आंगन या पूजा स्थल पर रखने से सकारात्मकता बनी रहती है। घर में लड़ाई झगड़े नहीं होते हैं। वहीं, आप कुंभ मेले से तुलसी की पत्तियां भी ले आएं। इससे घर की दुख-दरिद्रता दूर होती है।

महाकुंभ से आप शिवलिंग और पारस पत्थर भी घर ला सकते हैं। यह बहुत शुभ माना जाता है। इससे भी घर में सुख शांति बनी रहती है।

रूद्राक्ष को भगवान शिव का प्रतीक माना जाता है। ऐसी मान्यता है इसे पहनने से मानसिक शांति मिलती है। महाकुंभ से लाई रूद्राक्ष माला का विशेष महत्व है, इसे पहनने से जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही कुंभ मेले में आप साधु संतों का आशीर्वाद जरूर लीजिए। आप उनकी सेवा कर सकते हैं। कुछ दिन उनके सानिध्य में रहें इससे आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है।

## झाड़ू को बिस्तर के नीचे क्यों नहीं रखना चाहिये

हिंदू धर्म में झाड़ू को मां लक्ष्मी का रूप माना जाता है। वहीं, इसे झाड़ू को स्वच्छता का प्रतीक माना जाता है। यही वजह है कि वास्तु और हिंदू धर्म में झाड़ू को लेकर कुछ नियम बताए गए हैं। अगर आप घर में वास्तु के नियमों के अनुसार झाड़ू रखते हैं तो इससे समृद्धि के द्वार खुलते हैं।

सनातम धर्म में अक्सर यही सवाल रहता है कि क्या झाड़ू को बिस्तर के नीचे रखना सही है। दादी-नानी अक्सर इस बात के लिए टोकती है कि बिस्तर के नीचे झाड़ू नहीं रखनी चाहिए। वहीं, वास्तु में झाड़ू रखने के लिए एक सही दिशा और कुछ खास जगह बताई गई है, जिसमें बिस्तर के बीच की जगह झाड़ू के लिए उचित नहीं मानी जाती है। वास्तु के अनुसार बिस्तर के नीचे झाड़ू रखने से देवी लक्ष्मी का अपमान होता है और इससे आर्थिक नुकसान हो सकता है। अगर आप बिस्तर के नीचे झाड़ू रखते हैं, तो आपका पैसा बर्बाद होता है और आपको बेवजह नुकसान उठाना पड़ सकता है। वास्तु के अनुसार, अगर आप ऐसा करते हैं तो घर में वास्तु दोष हो सकता है और आपकी खुशियों में कमी आ सकती है। बिस्तर के नीचे रखी झाड़ू आपके घर में नकारात्मकता ला सकती है।

# श्रापित अप्सराएं इस पौधे पर करती हैं वास, इन्हें भी माना जाता है अशुभ

**ऐसा माना जाता है कि जिन पौधों के तने में से दूध निकलता है उनपर श्रापित अप्सराएं वास करती हैं। यही वजह है कि ये पौधे नेगेटिव एनर्जी छोड़ते हैं इसलिए इन्हें घर में नहीं लगाना चाहिए। वहीं, कुछ दूध वाले पौधे जहरीले होते हैं जो सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है।**

जब आप अपने बगीचे या घर के लिए पौधे चुनते हैं तो क्या ध्यान रखते हैं? क्या आप उन्हें उनके रूप के आधार पर चुनते हैं? आप पौधें कैसे भी चुनें लेकिन वास्तु का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। वास्तु में कुछ पौधों को घर के लिए हानिकारक माना जाता है क्योंकि ये नेगेटिव एनर्जी से भरे होते हैं। आज हम आपको ऐसे ही पौधों के बारे में बताएंगे, जिन्हें वास्तु शास्त्र में घर में लगाने की मनाही होती है।



**इस पौधे पर वास करती हैं श्रापित अप्सराएं**

ऐसा माना जाता है कि जिन पौधों के तने में से दूध निकलता है उनपर श्रापित अप्सराएं वास करती हैं। यही वजह है कि ये पौधे नेगेटिव एनर्जी छोड़ते हैं इसलिए इन्हें घर में नहीं लगाना चाहिए। वहीं, कुछ दूध वाले पौधे जहरीले होते हैं जो सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**कैक्टस और कांटेदार पौधे**

ये नकारात्मक ऊर्जा और संघर्ष से जुड़े होते हैं, इसलिए इन्हें घर के अंदर नहीं रखना चाहिए। अगर इन्हें घर के बाहर दक्षिण-पश्चिम दिशा में रखना चाहिए।

**इमली और मर्टल के पेड़**

माना जाता है कि ये नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करते हैं और इन्हें आवासीय संपत्तियों के पास रखने से बचना चाहिए।

**मेहंदी का पौधा**

घर में मेहंदी के पौधे नहीं रखने चाहिए। प्राचीन पौराणिक कथाओं के अनुसार, मेहंदी के पौधे नकारात्मकता के अग्रदूत हैं। इन पौधों में बुरी आत्माओं का वास होता हैं, जो घर में दुख लाते हैं।

**घर में ना लगाएं ये पौधे**

वास्तु के अनुसार, घर में कैक्टस, बबूल, कपास के पौधे, बोनसाई वृक्ष और ओलियंडर जैसे कांटेदार पौधे लगाना अशुभ माना जाता है। ये नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित कर सकते हैं इसलिए इन्हें घर के अंदर रखने से बचना चाहिए।

# तोहफे में नहीं देना चाहिए रूमाल, ऐसा क्यों कहती है दादी नानी

भारत में कहा जाता है कि कभी भी रूमाल, परफ्यूम उपहार में नहीं देना चाहिए और अगर दिया हैं तो बदले में उस व्यक्ति से एक या दो रुपये ले लेना चाहिए? आपने भी अक्सर दादी-नानी को कहते हुए सुना कि किसी को रूमाल उपहार में नहीं देना चाहिए। चलिए जानते हैं ऐसा क्यों कहा जाता है और क्या है इसकी मान्यताज



**रूमाल क्यों नहीं करना चाहिए गिफ्ट?**

भारतीय लोगों के अनुसार, रूमाल का मतलब आंसू होता है इसलिए इसे बहुत बुरा तोहफा माना जाता है, खास तौर पर प्रेमियों के लिए। कहा जाता है कि रूमाल गिफ्ट करने से रिश्ते में दरार आती है और लड़ाई-झगड़े होने लगते हैं। इसके अलावा ऐसा भी माना जाता है कि लवर्स को रूमाल उपहार में देने से उनका ब्रेकअप हो सकता है।

**क्यों माना जाता है अशुभ?**

ऐसे कई कारण हैं जिनकी वजह से लोग अपने प्रेमी को रूमाल उपहार में देने से बचते हैं। दरअसल, पहले पूर्वी और पश्चिमी दोनों संस्कृतियों में युद्ध में जाने से पहले रूमाल या स्कार्फ स्मृति चिन्ह के रूप में दिए जाते थे, जो गर्मजोशी और साथ का प्रतीक होते थे। मगर, कई सैनिक वापस नहीं लौटे इसलिए इन वस्तुओं को अशुभ माना जाने लगा।

**नकारात्मकता का प्रतीक**

रूमाल या स्कार्फ दाग और पसीने जैसी अशुद्ध मानी जाने वाली चीजों को बनाए रखते हैं। कई लोगों का मानना है कि ऐसी चीजें उपहार में देने से प्राप्तकर्ता असहज महसूस कर सकता है। वह ऐसा सोच सकते हैं कि आप उनके जीवन में नकारात्मकता लाना चाहते हैं इसलिए इसे गिफ्ट नहीं करना चाहिए।

**आंसू पोंछने के आता है काम**

रूमाल का उपयोग अक्सर आंसू पोंछने के लिए किया जाता है, जो दुख और अलगाव का प्रतीक है। रूमाल उपहार में देने से प्राप्तकर्ता आंसू और उदासी की भावनाओं के बारे में सोच सकता है, जो खुशी के अवसरों के लिए उपयुक्त नहीं है। इससे उपहार कम सकारात्मक लगता है।

# आर्थिक अपराध शाखा करेगी दो बिल्डर्स की जांच


**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण ने दो बिल्डर पर एक्शन लेने और

## बकाया न देने पर सेठी बिल्डवेल के खिलाफ आरसी जारी

वित्तीय जांच के लिए आर्थिक अपराध शाखा दिल्ली को पत्र लिखा है। इसके अलावा एक अन्य बिल्डर से बकाया वसूली के लिए आरसी जारी की है। बिल्डर से भू राजस्व के हिसाब से बकाया वसूल किया जाएगा।

प्राधिकरण ने 23 मार्च 2010 को जीएच-05 सेक्टर-137 का आवंटन शुभकामना बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड के नाम किया। 30 जुलाई 2010 को लीजडीड करते हुए 20 अगस्त 2010 को बिल्डर को प्लाट पर कब्जा दे दिया गया। प्लाट राशि जमा कराने के लिए आवंटी को कई बार नोटिस जारी किया गया। बिल्डर ने न तो पैसा जमा कराया और न ही फ्लैटों का निर्माण कराया। इस परियोजना के प्रमोटर मुकेश खुराना, दीवाकर शर्मा , कमल सिंह रोथान हरीश कुमार और पीयूष तिवारी ने उक्त परियोजना के फ्लैट बेचकर तृतीय पक्षीय अधिकार सृजित किए। साथ ही परियोजना से मिली धनराशि प्राधिकरण में नहीं जमा करे वित्तीय हानि पहुंचाई। ऐसे में प्राधिकरण ने उक्त बिल्डर के वित्तीय जांच के लिए ईओडब्ल्यू को शिकायत की है।

ग्रुप हाउसिंग जीएच-01 सेक्टर-118 करीब 133750 वर्गमीटर का आवंटन 18




अप्रैल 2007 को अईवीआरसीएल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को किया गया। जिसका नाम बाद में आईवीआर प्राइम डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड करते हुए 19 अप्रैल 2012 को लीज डीड की गई। 25 अप्रैल 2012 को आंवटी को प्लाट पर कब्जा दिया गया। यहां भी आंवटी को पैसा जमा करने के लिए नोटिस जारी किए गए। इस परियोजना के प्रमोटर ईला रेड्डी, ई सुधीर रेड्डी, टीएन चतुर्वेदी, आरसी सिन्हा, टीआर सी बॉस और आशीष ने परियोजना के फ्लैट बेचकर तृतीय पक्ष सृजित किया। परियोजना के फ्लैट बेचने पर मिली धनराशि को प्राधिकरण में जमा नहीं कराया। बिल्डर के खिलाफ ईओडब्ल्यू दिल्ली में शिकायत दी गई।

ग्रुप हाउसिंग भूखंड जीएच-02बी सेक्टर-76 करीब 20 हजार वर्गमीटर सेठी बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड को 9 जून 2010 को सब लीज किया गया । 10 जून 2010 को लीज डीड करते हुए प्लाट पर कब्जा दिया गया। बकाया धनराशि जमा करने के लिए नोटिस जारी किए गए। लेकिन धनराशि जमा नहीं की गई। यही नहीं 21 दिसंबर 2023 के क्रम में कोविड-19 का लाभ देते हुए बकाया का 25 प्रतिशत जमा करने के लिए सूचित किया गया। लेकिन आंवटी ने तब भी पैसा जमा नहीं किया। ऐसे में 31 दिसंबर 2023 तक कुल 57.65 करोड़ रुपए बकाया है। इस धनराशि को वसूलने के लिए आरसी जारी की गई है। यानी ये पैसा अब भू राजस्व की तरह वसूल किया जाएगा। जिसके लिए कलेक्टर गौतमबुद्ध नगर को पत्र लिखा गया।

# तत्परता से करें व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण: डीएम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद गौतमबुद्धनगर में व्यापारिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने एवं व्यापारियों




के सम्मुख आने वाली समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण संभव कराने के उद्देश्य से जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी व्यापार बंधुओं की समस्याओं को बहुत ही गहनता के साथ सुना। बैठक में विभिन्न व्यापारिक प्रतिनिधियों के द्वारा अतिक्रमण, जाम एवं पार्किंग, सड़कों की मरम्मत, जी0एस0टी0 संबंधित मामले के सम्बंध में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण तत्परता के साथ सुनिश्चित करें ताकि जनपद का व्यापार और अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने नगर पालिका दादरी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि अभियान चलाकर दादरी में मार्केट में प्रवर्तन की कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए अतिक्रमण मुक्त करायें। साथ ही विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की व्यापारियों के बिजली कनेक्शन के लिए जो भी आवेदन लंबित हैं उनका तत्काल निस्तारण करते हुए उनको विद्युत कनेक्शन दिए जाएं। बैठक का संचालन उपायुक्त प्रशासन राज्य कर सचिव, व्यापार बंधु समिति रोहित मालवीय द्वारा किया गया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, प्राधिकरण, विद्युत विभाग व अन्य संबंधित अधिकारियों तथा व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के द्वारा भाग लिया गया।

# पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं : डीएम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण द्वारा संचालित पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जनपद में अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके इस उद्देश्य से आज जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर गठित की गई जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने बैठक की समीक्षा करते हुए यूपीनेडा, एनपीसीएल, जिला लैडबैक प्रबंधक, योजना हेतु नामित वेंडरों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों से कहा कि यह प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है और इसका लाभ जनपद के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह योजना जिले के नागरिकों को सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने में सहायक है। पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना का जनपद




में कलेक्ट्रेट, विकास भवन, पुलिस आयुक्त कार्यालय, तहसीलों, ब्लॉको तथा सार्वजनिक स्थानों पर बैनर एवं होर्डिग आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग योजना की जानकारी प्राप्त कर इससे लाभान्वित हो सकें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी द्वितीय यूपीनेडा श्री राम, एलडीएम, एनपीसीएल, अन्य अधिकारियों उपस्थित रहे।

# सेक्टर 11 आरडब्ल्यूए ने गणतंत्र दिवस को बना दिया यादगार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर 11 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने रविवार को गणतंत्र दिवस का दिन सभी सेक्टर वासियों के लिए यादगार बना दिया। सबसे पहले अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने अपनी टीम व सेक्टर के वरिष्ठ एवं गणमान्य निवासियों के साथ तिरंगा फहराया। उसके बाद विभिन्न तरह के खेलों का आयोजन किया और यह आयोजन शाम तक चलता रहा।

खेल में बच्चों के लिए टॉफी पीकिंग, 100 मीटर रेस, रिले रेस, क्रिकेट, स्लो साइकिल रेस, टैग आफ वार, मार्बल रेस, म्यूजिकल चेयर और पेंटिंग की प्रतियोगिता रखी गई थी। जबकि महिला, पुरुष व सीनियर सिटीजन के लिए म्यूजिकल चेयर का आयोजन किया गया था। सभी सेक्टर वासियों ने सभी प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इस आयोजन का जमकर लुत्फ उठाया। ऐसा लग रहा था कि लोग पिकनिक मना रहे हो। सुबह चाय नाश्ता, दोपहर को खाना और शाम को हाई टी के साथ लोगों का स्वागत हुआ। शाम को पूरे सेक्टर वासियों ने तंबोला खेला और फिर जाकर कहीं सब का दिन बीता। सेक्टर के लोग अपनी सारी समस्याएं भूल कर दिनभर गणतंत्र दिवस का जश्न मना रहे थे और खेल कूद कर एंजॉय कर रहे थे। खास बात यह थी कि बच्चे बड़े सब दिनभर मोबाइल से दूर



रहे। बतौर अध्यक्ष अनुज गुप्ता का यह पहला गणतंत्र दिवस था लेकिन उन्होंने लोगों को एक यादगार पल दिया। कार्यक्रम समापन होने के साथ ही लोग अगले गणतंत्र दिवस का अभी से इंतजार करने लगे हैं। इस अवसर पर महासचिव दिनेश कृष्णन, कोषाध्यक्ष एस सी अग्रवाल, पारस सक्सेना, नितिन पांडेय, गिरीश नारंग, संजय वर्मा, सतीश कुमार, हीरालाल गुप्ता, कुंवर सिंह, संदीप अग्रवाल समेत लगभग पूरा सेक्टर मौजूद रहा।

# लायंस क्लब नोएडा ने बच्चों के संग मनाया गणतंत्र दिवस

**नोएडा ( चेतना मंच )।** SSCA लाइब्रेरी में 76 वाँ गणतंत्र दिवस समारोह स्कूल के बच्चों ,अध्यापकों एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ मनाया गया।

सर्वप्रथम झंडारोहण व राष्ट्रगान अध्यक्ष ला नरेंदर कुच्छल, वरिष्ठ लायन मेंबर सी एस भोगल व सचिव ला डॉ लीना चौहान के साथ SSCA, अभय कांवेंटके बच्चों व अध्यापकों की उपस्थिति में हुआ ।तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ ।सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी 21 बच्चों को वूलन स्वेटर दिए गए। 130 बच्चों व अन्य उपस्थित लोगों कोअल्पाहार दिया गया। लायंस क्लब नोएडा की ओर से निम्न सदस्यों ने आर्थिक सहयोग किया ।

ला रचना यादव ने सालभर लाइब्रेरी में कामिक्स की व्यवस्था करने की ज़िम्मेदारी ली साथ ही कंप्यूटर क्लास के लिए भी एक प्रोजेक्ट को स्पांसर करेंगी।

लायंस क्लब नोएडा से रीजनचेयरपर्सन ला रचना यादव, रीजन चेयरपर्सन ला सुभाष अग्रवाल,अध्यक्ष नरेंदर कुच्छल, सचिव ला डॉ लीना चौहान , वरिष्ठ लायन सदस्य ला सी एस भोगल, ला आर एन श्रीवास्तव तथा ला डॉ निमेष कुमार आदि मौजूद रहे ।

# सभी गांवों में एलएमसी की जमीनों की जांच कराई जाए


**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के 81 गांवों में एलएमसी जमीनों की जांच कराई



जाए। कुछ गांवों में एलएमसी की जमीन कई भूमाफियाओं के कब्जे में है। यह मांग की भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष तथा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष व दर्जा प्राप्त केन्द्रीय मंत्री डा. लोकेश प्रजापति के नोएडा कैंप प्रभारी जय प्रकाश प्रजापति ने।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे पत्र में श्री प्रजापति ने कहा कि नोएडा में एलएमसी की जमीनों पर कुछ बाहुबलियों तथा भू-माफियाओं ने कब्जा कर रखा है। ऐसे लोगों की पुलिस, प्राधिकरण तथा प्रशासन के कुछ अधिकारियों व कर्मचारियों का खुला संरक्षण प्राप्त है। इसलिए ऐसे लोगों पर न तो कोई कार्रवाई की जा रही है और न ही एलएमसी की जमीनों का कब्जा लिया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि ऐसी जमीनों की हर गांव में जांच कराई जाए। बता दें कि सभी गांवों में एलएमसी की अरबों रूपये कीमत की जमीने हैं। जिनकी कोई सुध नहीं ले रहा है।

## कर्तव्य पथ पर महाकुंभ




देश के 76वें गणतंत्र दिवस पर कर्त्तव्य पथ पर उत्तर प्रदेश की झांकी भी प्रस्तुत की गई। इस झांकी में प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ को दर्शाया गया। कल रात 12 बजे तक चली वोटिंग में उत्तर प्रदेश की गणतंत्र दिवस की झांकी ने पीपल च्वाइस कैटेगरी में 25006 मत पाकर देश में पहला स्थान प्राप्त किया।

# संत समाज के साथ गृहमंत्री अमित शाह ने लगाई पवित्र डुबकी

## मुख्यमंत्री ने गृहमंत्री को भेंट किया कुंभ कलश





महाकुम्भनगर। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मठों, मंदिरों और अखाड़ों के संतों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संगम में पवित्र डुबकी लगाई। संत समाज ने उन्हें वैदिक विधि से स्नान करवाया और मां गंगा का पावन जल गृहमंत्री पर छिड़ककर पूजा-अर्चना कराई। स्नान के बाद गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने संगम पर ही विशेष पूजा अर्चना की और संगम आरती में भी हिस्सा लिया। इस दौरान, गृहमंत्री अमित शाह के साथ उनकी पत्नी सोनल शाह, बेटे जय शाह और पुत्र वधु व पोतियों ने भी स्नान और पूजा पाठ में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृहमंत्री को कुम्भ कलश भी भेंट में दिया, जबकि साधु संतों ने उन्हें माला पहनाई और चंदन व टीका लगाया।

### संतों ने छिड़का संगम का पवित्र जल

भगवा वस्त्रों में गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने जूना पीठाधीश्वर अवधेशानंद, निरंजनी पीठाधीश्वर कैलाशानंद और अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी, बाबा रामदेव समेत अन्य संतों के साथ संगम में डुबकी लगाई। संतों ने गृहमंत्री को वैदिक विधि से स्नान कराया और उन पर संगम का जल छिड़का। इसके बाद गृहमंत्री ने सूर्य को अर्घ्य भी दिया। इसके बाद तीर्थ पुरोहितों ने गृहमंत्री और मुख्यमंत्री की संगम स्थल पर ही विशेष पूजा अर्चना संपन्न कराई और फिर विशेष संगम आरती का भी आयोजन हुआ। संगम पर मां गंगा, यमुना और सरस्वती के जयकारे गूंजे। इस दौरान शाह परिवार के सबसे छोटे सदस्य को भी संतों का आशीर्वाद मिला। पूजा की वेदी पर मुख्यमंत्री योगी ने भी बच्चियों को दुलराया और उनसे हंसी ठिठोली की। इसके बाद हर हर महादेव के उद्घोष के बीच शाह और योगी ने मां गंगा और भगवान भास्कर को प्रणाम किया।

### परिवार समेत किया पूजन और संगम आरती

अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संगम स्नान के बाद वैदिक मंत्रों और श्लोकों के बीच पूजन अर्चन किया। पूजा के बाद संगम आरती भी कराई गई। इस दौरान गृहमंत्री के साथ उनकी पत्नी, पुत्र, पुत्रवधु समेत पूरा परिवार मौजूद रहा। परिवार के लोगों ने भी स्नान के बाद पूजा और आरती में हिस्सा लिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह मंत्री को चांदी का कुम्भ कलश भेंट किया। यहां से वो सीधा अक्षय वट के लिए रवाना हो गए। संगम स्नान और पूजन के दौरान उनके साथ जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि, निरंजनी अखाड़े के पीठाधीश्वर कैलाशानंद, बाबा रामदेव, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी, जूना अखाड़े के हरिगिरि समेत तमाम अखाड़ों के वरिष्ठ महंत भी मौजूद रहे।

### गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने संतों संग की महाकुम्भ पर चर्चा

इससे पहले, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संगम में अरैल स्थित वीआईपी घाट से प्रवेश किया। दोनों नेताओं ने क्रूज की सवारी की। मां गंगा को प्रणाम किया। इसके बाद साइबेरियन पक्षियों को दाना भी खिलाया। क्रूज पर बने विशेष कक्ष में गृहमंत्री अमित शाह और सीएम योगी ने जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद, अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक महंत हरि गिरी और अध्यक्ष महंत प्रेम गिरी के साथ महाकुम्भ पर विशेष मंत्रणा की।

## स्वामी रामदेव ने मुख्यमंत्री को कराया योगाभ्यास

संगम स्नान के दौरान बाबा रामदेव और सतुआ बाबा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अलग से डुबकी लगवाई। संगम स्नान के बाद स्वामी रामदेव ने मुख्यमंत्री योगी का हाथ पकड़कर विशेष योग आसन ताड़ासन भी कराया।

